दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा

• Since : 2004 /// कदम बढ़ाये, सच के साथ ///

वर्ष : 12 | अंक : 214 टोंक | गुरुवार,10 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष त्रयोदशी संवत्-2082 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | RNI NO. RAJHIN/2013/52026 | मूल्य : ₹ 4.00 | पृष्ठ : 08

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# अंतिम छोर तक भरपूर नहरी पानी पहुंचाने के लिए राज्य सरकार कर रही कार्य : मुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने हनुमानगढ़- श्रीगंगानगर के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन बुधवार को श्रीगंगानगर जिले में गंगनहर परियोजना के अर्न्तगत शिवपुर हैड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने शिवपुर हैड का निरीक्षण करने के पश्चात कहा कि राज्य सरकार किसानों की खुशहाली और कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है ताकि अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक भी पर्याप्त नहरी पानी पहुंचा कर किसानों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में नहरी जल पर निर्भरता को देखते हुए राज्य सरकार ने आईजीएनपी, भाखड़ा नहर और गंगनहर प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए गत दोनों बजट में कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं।

## पक्के खालों के निर्माण की 60 साल पुरानी मांग बजट में पूरी

शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना के द्वितीय चरण की नहरों के जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण, पक्के खालों के निर्माण, बैलेन्सिंग रिजर्वायर आदि कार्यों के लिए इस वर्ष के बजट में 1108 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की 60 साल से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए हनुमानगढ़ जिले के एक लाख 7 हजार हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में पक्के खालों के निर्माण के लिए 590 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। कंवरसेन लिफ्ट नहर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त खालों के जीर्णोद्धार के 185 करोड़ रुपये की लागत के कार्य आईजीएनपी बोर्ड द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं। इसी प्रकार, श्रीगंगानगर जिले में रायसिंहनगर, अनूपगढ़, घड़साना, रावला और श्रीविजयनगर के 44 हजार हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में पक्के खालों का पुनर्निर्माण 200 करोड़ रुपये की लागत से करवाया जाएगा।

साथ ही, भाखड़ा और गंगनहर परियोजना के अंतर्गत आने वाले श्रीगंगानगर के क्षेत्रों में अब तक शेष रहे खालों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे हर खेत तक पानी पहुंच सकेगा। शर्मा ने कहा कि घग्घर डायवर्जन चैनल व नाली बैड के पटड़ों के सुदृढ़ीकरण, साइड स्लोपिंग और भेड़ताल क्षेत्र में बाढ़ के पानी को संग्रहित कर जल स्रोत बनाने आदि के कार्य 325 करोड़ रुपए की लागत से करवाए जाएंगे, जिससे घग्घर के पानी की सुरक्षित निकासी हो सकेगी और बाढ़ की समस्या का समाधान होगा। मुख्यमंत्री ने शिवपुर हैड के कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अधिकारियों से जानकारी ली तथा गंगनहर प्रणाली के बेहतर सिंचाई प्रबंधन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान शर्मा ने किसानों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम भी पूछी।

इसके बाद शर्मा ने शिवपुर हैड स्थित महाराजा गंगासिंह जी की प्रतिमा पर पहुंचे तथा संग्रहालय का अवलोकन किया। शर्मा ने गंगनहर तथा शिवपुर हैड के निर्माण में महाराजा गंगासिंह जी के ऐतिहासिक योगदान को नमन किया। इसके बाद शर्मा शिवपुर हैड के नजदीक आयोजित प्रदर्शनी में पहुंचे। उन्होंने वहां बागवानी पद्धति, कृषि यंत्र सहित विभिन्न स्टॉल्स का अवलोकन किया। इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, विधायक गुरवीर सिंह बराड़, जयदीप बिहाणी, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



## मालपुरा क्षैत्र में 42 ग्राम पंचायतो पर होगी 2 पंचायत समितियां प्रस्तावित

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र में अब 42 ग्राम पंचायतो पर 2 पंचायत समिति होगी। इन पर दावे आपत्तियां 6 मई तक प्रस्तुत की जा सकेगी। राज्य सरकार व जिला कलक्टर के निर्देशानुसार मालपुरा क्षैत्र की ग्राम पंचायतो का पुर्नगठन कर कुल 42 ग्राम पंचायतो के अलावा पचेवर में एक नई पंचायत समिति मुख्यालय भी प्रस्तावित किया गया है। उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी ने बताया कि मालपुरा क्षेत्र अब तक 38 ग्राम पंचायते थी। इनमें से बृजलालनगर, चावण्डिया, रीण्डलिया बुजुर्ग, लाम्बाहरिसिंह, बूढ़ा देवल, व डिग्गी सहित 6 ग्राम पंचायतो को समाप्त कर नगरपालिकाओं की सीमा में शामिल कर लिया गया। इसके बाद 32 ग्राम पंचायते शेष बची। वर्ष 2011 की जनगणना को आधार मान कर ग्राम पंचायतो का पुर्नगठन किया गया। जिनमें डोरिया, अरनिया बस्सी,पिपल्या, डूंगरीखुर्द, प्रतापपुरा, लाम्याजुनारदार,राजपुराबास, गुलाबपुरा, अजमेरी सहित कुल 10 ग्राम पंचायते नई प्रस्तावित की गई है। वहीं पुर्नगठन के बाद पचेवर, पारली, डोरिया, आवड़ा, नगर, कुराड़, आंटोली, कचौलिया, राजपुराबास, गणवर, बरोल, बापडून्दा, राजपुराबास, गुलाबपुरा, किरावल, पिपलिया, देशमां, मलिकपुर, चैनपुरा, व अरनिया बस्सी सहित 20 ग्राम पंचायतो को नवीन पंचायत समिति पचवेर में शामिल करने का प्रस्ताव बनाया गया है। इसके अलावा मोरला,बागड़ी, सिंधोलिया,कांटोली, इन्दोली, लाम्याजुनारदार,झाड़ली, प्रतापपुरा, टोरड़ी, डूँगरीखुर्द, कलमण्डा, धोली, चबराना, लावा, कड़ीला, सोड़ाबावड़ी अजमेरी, सीतारामपुरा, चांदसेन, सोड़ाबावड़ी, व सोड़ा, ग्राम पंचायतो सहित 22 ग्राम पंचायतो को पंचायत समिति मालपुरा में रखा जाना प्रस्तावित किया गया है। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार कुल 51 हजार 557 की जनसंख्या पर 42 ग्राम पंचायतो का गठन कर सीमा निर्धारित कर दी गई है। इन सभी प्रस्तावो पर आगामी 6 मई तक निर्धारित प्रपत्र में दावे आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती है।

## वाणिज्यिक कर विभाग द्वारा करदाताओं को जानकारी देने के लिए कार्यशाला का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,( का.स. )।** वाणिज्यिक कर विभाग, टोंक की ओर से आईटीएमएस (ई-टैक्स ऑफिसर) पोर्टल की करदाताओं को जानकारी देने के लिए बुधवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया। वाणिज्यिक कर विभाग वृत्त टोंक की उपायुक्त रामघणी वैष्णव ने बताया कि यह कार्यशाला वाणिज्यिक कर विभाग एवं रीको क्षेत्र में स्थित वेजिटेबल ऑयल एसोसिएशन के सभागार में की गई। उपायुक्त ने बताया कि वाणिज्यिक कर विभाग, राजस्थान का आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित स्वकर निर्धारण का नवाचार हैं। जिसका उद्देश्य करदाता की टैक्स कम्प्लाएंस को आसान बनाना हैं। ई-टैक्स ऑफिसर मॉड्यूल द्वारा करदाताओं के रिटर्न, नोटिस, रिफंड, रिप्स, ई-वे बिल तथा मांग आदेश पत्र इत्यादि सूचनाएं समग्र रूप से एक मॉड्यूल पर उपलब्ध हो सकेंगी। इसी के साथ इस मॉड्यूल के द्वारा करदाता की टैक्स कम्प्लाएंस, रेटिंग का भी आंकलन हो सकेगा। समय-समय पर अलर्ट के माध्यम से करदाताओं को सतर्क किया जायेगा तथा ए.आई. चैट-बॉट के माध्यम से करदाता अपनी समस्याओं और शंकाओं का त्वरित समाधान प्राप्त कर सकेंगें। कार्यालय में ई-टैक्स ऑफिसर पोर्टल के संबंध में विभाग की ओर से सहायक आयुक्त योगेश कुमार जैन, अनिल कुमार सांवरिया, सोम पचौरी एवं कर सहायक प्रतीक शर्मा ने विस्तार से जानकारी दी।

### सरसों एवं चना की एमएसपी पर खरीद प्रारंभ

## सरसों 5 हजार 950 रु. व चना 5 हजार 650 रु. प्रति क्विंटल की एमएसपी पर होगी खरीद

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप अन्नदाता किसान को पूरा सम्मान और सुरक्षा के साथ उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाने के उद्देश्य से सरकार ने वर्ष 2025-26 में सरसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 5 हजार 950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है तथा इस साल 13 लाख 22 हजार मीट्रिक टन सरसों की खरीद का लक्ष्य रखा है। इसी तरह सरकार 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल की एमएसपी के आधार पर 5 लाख 46 हजार मीट्रिक टन चना की खरीद करेगी। उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां डॉ. प्रीति यादव ने बताया कि वर्ष 2025-26 में राजस्थान सरकार द्वारा राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लिमिटेड (राजफैड) के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना व सरसों कि खरीद का कार्य 10 अप्रैल से प्रारम्भ होगा। उन्होंने बताया कि सवाई माधोपुर जिले में समर्थन मूल्य खरीद के लिए सवाई माधोपुर में अमरूद मंडी चकचैनपुरा, चौथ का बरबाडा, खण्डार, बामनवास, बौंली, भाडोती, गंगापुर सिटी, बहरावण्डा कलां एवं बालेर केन्द्र शामिल है।

# भाजपा केवल सियासी दल नहीं अपितु राष्ट्र प्रेम, राष्ट्रभक्ति व अनुशासन का दूसरा नाम है : कन्हैयालाल चौधरी

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** प्रदेश के जलदाय मंत्री व क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने भाजपा के सक्रिय सदस्यो से कहा है कि भाजपा केवल सियासी दल नहीं है अपितु भाजपा अनुशासन, राष्ट्रप्रेम व राष्ट्रभक्ति का दूसरा नाम है। जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी बुधवार को महेश सेवा सदन में भाजपा के विधानसभा स्तरीय सक्रिय सदस्यो के सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा वर्तमान में संसार का सबसे बड़ा संगठन है। भाजपा नीत सरकारो की वजह से ही आज प्रदेश व देश पूरी तरह से सुरक्षित है। उन्होंने भाजपा के सक्रिय सदस्यो से आव्हान करते हुए कहा कि सभी सक्रिय सदस्य सरकारो व आम जन के बीच सेतु बन कर कार्य करें। केंन्द्रीय व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी



योजनाओं को घर घर पहुंचा कर पात्र लोगो को इनसे लाभान्वित करवा कर अपने नैतिक दायित्व को ईमानदारी से पूरा करे। साथ ही अपने अपने क्षेत्र में हो रहे विकास पर कड़ी नजर रखे, आम जन से जुड़ी समस्याओं का त्वरित समाधान करवा कर आम जन को राहत प्रदान करें। इसके अलावा संगठन के प्रति पूर्ण समर्पित भाव से अनुशासित सिपाही की तरह कार्य कर भाजपा संगठन को ओर अधिक मजबूती प्रदान करने में अपनी महति भूमिका अदा करें।

सम्मेलन में पूर्व पालिकाध्यक्ष राजकुमार जैन, भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन, संत कुमार जैन, रामचन्द्र गुर्जर, शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, पूर्व मंडल अध्यक्ष त्रिलोकचन्द जैन सहित अन्य कई भाजपाईयो ने विचार प्रकट कर भाजपा के सक्रिय सदस्यो को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हुए उनके कर्तव्यो व जिम्मेदारियो के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे पहले जलदाय मंत्री के कार्यक्रम स्थल पर आने पर भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या के नेतृत्व में भाजपाईयो ने जोरदार नारेबाजी के बीच स्वागत सम्मान व अभिनन्दन किया। सम्मेलन में मालपुरा विधानसभा क्षैत्र के सभी सक्रिय सदस्य मौजुद रहे।

### वन क्षेत्र में सूर्यास्त के बाद अवैध प्रवेश व पार्टी करने का मामला

## जोगी महल पार्किंग में खड़े वाहनों से वसूले 3 लाख रुपए

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथंभौर बाघ परियोजना में बने गणेश मंदिर क्षेत्र में प्रतिबंधित समय में वाहन ले जाने और पार्टी करने के मामले में वन विभाग ने प्रवेश करने वाले वाहनों पर जुर्माना लगाया है। गौरतलब है कि गत दिनों सूर्यास्त के बाद रणथंभौर बाघ परियोजना के गणेश मंदिर क्षेत्र में वाहनों के प्रवेश व पार्टी करने का मामला स्थानीय विधायक व कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल ने उठाया था। इस दौरान वन विभाग की ओर से कचीदा माता के दर्शनों को जाने वाले श्रद्धालुओं को प्रवेश नहीं दिया गया था।

वन अधिकारियों ने बताया कि सूर्यास्त के बाद वन क्षेत्र में प्रवेश व पार्टी करने वाले लोगों के वाहनों व लोगों पर विभाग की ओर से वन अधिनियम के तहत प्रति वाहन 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। विभाग ने इस मामले में गत दिनों कार्रवाई करते हुए 12 निजी वाहनों को सीज कर तीन लाख रुपए वसूले!



**कृषि मंत्री ने की थी शिकायत :** इस मामले को लेकर कुछ स्थानीय लोगों के विधायक और कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ीलाल मीणा को शिकायत करने के बाद वे खुद मौके पर पहुंचे थे और उन्होंने रणथभौर बाघ परियोजना के उपवन संरक्षक को जमकर खरीखोटी सुनाई थी। इतना ही नहीं कृषि मंत्री ने इस मामले में केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री को पत्र लिखकर मामले की जांच की मांग नेशनल टाइगर कनजर्वेशन अथोरिटी (एनटीसीए) से कराने की मांग भी की थी।

**पूर्व में भी लगाया जा चुका है जुर्माना :** रणथभौर में अवैध रूप से वन क्षेत्र में प्रवेश करने पर पूर्व में भी जुर्माना लगाया गया था। तब 15 अगस्त 2024 को भी एडवेंचर टूर के नाम पर रणथभौर बाघ परियोजना के अंदर बने जोन में अवैध रूप से एक निजी कंपनी की कई एसयूवी प्रवेश करती पाई गई थी। उस समय भी विभाग की ओर से प्रति वाहन 50 हजार से एक लाख तक का जुर्माना वसूला गया था।

**12 वाहनों पर जुर्माना :** इस मामले को लेकर विभाग की ओर से 12 वाहनों पर जुर्माना लगाया गया है। यह कार्रवाई जोगी महल नाके पर की गई है।

**योगेश कुमार शर्मा**
**वनपाल शेरपुर, रणथभौर बाघ परियोजना।**

### कवि सम्मेलन कल : जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में रहेगें मौजुद

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** साहित्या लोक संस्थान मालपुरा के तत्वावधान में 11 अप्रैल शुकवार को विजयवर्गीय सेवा सदन मालपुरा में अखिल भारतीय विराट कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

इस संबंध में जानकारी देते हुए संस्थान के अमित विजय एवं आर.एल.दीपक ने बताया कि कवि सम्मेलन में नई दिल्ली की कवियत्री कीर्ति काले, फिरोजाबाद के औज कवि प्रो.ओमपाल सिंह निडर, राजस्थानी गीतकार सोहन चौधरी, जयपुर के विष्णु दाधिच, अलवर के हास्य कवि नानक नवीन, मालपुरा के गीतकार कवि आर.एल.दीपक, नवलगढ़ के हास्य कवि पवन पारस, मालपुरा के युवा कवि जयनारायण जय व पचेवर के गजलकार महबूब



अली महबूब कविताऐं प्रस्तुत करेगें। वहीं कवि सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी मौजुद रहेगें। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी करेगें। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, समाजसेवी सुखलाल मुवालव रतनलाल सोनी व संस्था अध्यक्ष डॉ. राकेश जैन, होगें।

## राजकीय महाविद्यालय में मनाया पोषण पखवाड़ा




बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** राजकीय महाविद्यालय निवाई में 8 अप्रैल से 22 अप्रैल तक आयोजित होने वाले पोषण पखवाड़ा के तहत राजकीय महाविद्यालय निवाई राष्ट्रीय सेवा योजना एवं कन्या महाविद्यालय निवाई राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वाधान में रैली का आयोजन किया गया 7 नोडल महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफ़ेसर दीपक राज जैन ने हरी झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया 7 जिला समन्वयक डॉ सी एल मीणा जी ने विद्यार्थियों के जीवन में पोषण के महत्व के बारे में बताया जिसका लक्ष्य कुपोषण को जड़ से खत्म करना है कन्या महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर पानमल पहाड़िया जी ने पोषण के प्रति जागरूक रहने का सुझाव दिया 7 कार्यक्रम के दौरान जागरूकता रैली के समय राजेश कुमार मीणा ने हम सब का एक ही नारा पोषण है अधिकार हमारा के उद्घोष के द्वारा छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया 7 एनएसएस प्रभारी रूपा चौधरी ने बताया कि स्वयंसेवकों ने स्लोगन के माध्यम से सभी को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया77 इस कार्यक्रम में सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर पोषण के प्रति सकारात्मक का संदेश दिया।

# आरएएस-आरएफएस अधिकारी ने थामा एक दूसरे का हाथ, पेश की सादगी की मिसाल

## न घोड़ी, न बाजा और न बाराती, ज्योत्सना खेड़ा व योगेश वर्मा बंधे शादी के बंधन में

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** जिला मुख्यालय के मान टाउन क्लब में दो सरकारी अधिकारी ने बिना दहेज शादी कर एक अनूठी मिसाल पेश की है. उच्च सेवाओं में चयन के बाद समाज को फिजूलखर्ची से रोकने का उद्देश्य, सकारात्मक मैसेज देने की पहल के साथ राजस्थान प्रशासनिक सेवा और राजस्थान वन सेवा के अधिकारी ने एक दूजे का हाथ थामा।

साधारण तरीके से मान टाउन क्लब में जयपुर निवासी RAS ज्योत्सना खेड़ा 2024 बैच की और अलवर के RFS 2022



योगेश वर्मा ने बुधवार को बिना दिखावा किए एक दूजे को वरमाला पहनाकर दांपत्य बंधन में बंध एक दूसरे का हाथ थामा। खास बात यह रही कि इस शादी के जरिए खर्चीले विवाह और दहेज मुक्त समाज का संदेश दिया गया. कोर्ट मैरिज के जरिए बुधवार सुबह मानटाउन क्लब में गिने चुने मेहमानों के समक्ष दोनों हमसफर बने। 2024 बैच की RAS ज्योत्सना खेड़ा वर्तमान में परिवीक्षा अवधि पूरी कर रहीं हैं। मलारना डूंगर के SDM का पदभार संभाल रही हैं। वहीं, 2022 बैच के RFS अधिकारी योगेश वर्मा फलोदी और पालीघाट क्षेत्र के ACF पद पर कार्यरत हैं। इस अवसर पर जिला कलेक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, एडीएम, जिला परिषद सीईओ, उपजिला कलेक्टर अनूप सिंह, रणथंभोर डीएफओ रामानंद भांकर सहित कई अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# भारत की डेमोग्राफी बदलने के लिये घुसपैठ का बड़ा षड्यंत्र

भारत की डेमोग्राफी बदलने के लिये पाकिस्तान और उसके हिस्से पर बना बांग्लादेश पहले दिन से षड्यंत्र कर रहे हैं। इन दोनों देशों के करोड़ों नागरिक चरण छुपे भारत के कोने कोने में बस गये हैं। इस घुसपैठ को रोकने के लिये भारत सरकार ने कानून बनाया है। और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने चेतावनी भी दी है कि भारत को धर्मशाला नहीं बनने देंगे। कानून बनने और गृहमंत्री की दो टूक चेतावनी के बाद भी इसके परिणाम कितने सार्थक होंगे यह आज नहीं कहा जा सकता चूंकि पूरे देश में घुसपैठियों का अपना नेटवर्क है।

दुनिया के कई देशों में उतनी जनसंख्या नहीं है जितने भारत में घुसपैठिए हैं। अलग-अलग एजेंसियों ने भारत में घुसपैठियों के अलग-अलग आंकड़े बताये हैं। किसी ने तीन करोड़ तो किसी ने पांच करोड़। भारत में घुसपैठ की समस्या आज की नहीं है। यह पहले दिन से है। और निश्चित योजना के अंतर्गत घुसपैठ की जा रही है। मुस्लिम लीग और मोहम्मद अली जिन्ना ने भले पाकिस्तान ले लिया था। लेकिन उन्होंने भारत के रूपांतरण का कुचक्र बंद नहीं किया था । वे पूरे भारत को अपने रंग में रंगना चाहते थे। इसे छुपाया भी नहीं था। पाकिस्तान निर्माण के साथ एक नारा खुलकर लगाया गया था हंस के लिया है पाकिस्तान, लड़कर लेंगे हिन्दुस्तान। यह नारा गज्बा-ए-हिन्द के लक्ष्य को पूरा करने के लिये था। पाकिस्तान ने आकार भले 14 अगस्त 1947 में लिया पर इस योजना पर काम बहुत पहले से आरंभ हो गया था। इसे भोपाल, जूनागढ़ और हैदराबाद रियासतों और देशभर के सभी प्रभावशाली मुस्लिम परिवारों की भूमिका से समझा जा सकता है। अधिकांश लोग पूरी तरह पाकिस्तान नहीं गये थे। वे अपने परिवार के एक दो सदस्यों को भारत में ही छोड़ गये थे। ताकि उनकी संपत्ति भी सुरक्षित रहे और भारत के रूपांतरण कुचक्र आगे भी चलाया जाता रहे। मोहम्मद अली जिन्ना अपनी एक पत्नि को लेकर पाकिस्तान चले गये थे लेकिन अपनी बेटी को भारत में ही छोड़ गये थे। ताकि भारत में उनकी संपत्ति सुरक्षित रह सके। कहानी ऐसी प्रचारित हुई मानों जिन्ना की बेटी ने विद्रोह कर दिया हो। पाकिस्तान समर्थक भोपाल नबाब हमीदुल्लाह खान की भी यही कहानी है। एक बेटी पाकिस्तान चली गई और एक बेटी भोपाल में संपत्ति सहेजे रही और वे स्वयं आते-जाते बनी रही ।

मुस्लिम लीग के कोटे से संविधान सभा में पहुंचे असम के योगेन्द्र नाथ मंडल की भी यही कहानी है। यह मुस्लिम लीग और पाकिस्तान समर्थकों की रणनीति से भारत में उनके सभी धर्म स्थल, मदरसे, मजार, दरगाह और पाकिस्तान गये अधिकांश लोगों की संपत्ति भी सुरक्षित रही। पाकिस्तान गये लोगों की संपत्ति सुरक्षा के लिये गांधीजी ने अनशन भी किया था। यह गांधीजी के जीवन का अंतिम अनशन था जो 13 से 18 जनवरी 1948 में दिल्ली में किया था। आज बीता हुआ समय इतिहास बन चुका है। इतिहास की घटनाएं हमारे सामने हैं। हम एक एक विन्दु की समीक्षा कर सकते हैं। बंटवारे के बाद भी पाकिस्तान के नायकों ने चैन की सांस नहीं ली। पाकिस्तान ने दो स्तर पर अभियान चलाये। एक तो पाकिस्तान क्षेत्र से हिन्दुओं को मार-मार कर भगाना, उनकी संपत्ति छीनना अथवा उनका मतान्तरण कराना। दूसरे भारत की और भूमि पर अपना अधिकार करना। इसे भोपाल, जूनागढ़ और हैदराबाद रियासत के शासकों की भूमिका और कबाइलियों के रूप में कश्मीर पर किया गया आक्रमण समझा जा सकता है। कश्मीर के बड़े भाग पर आज भी पाकिस्तान का अनाधिकृत अधिकार है। भारत में घुसपैठ स्वतंत्रता के पहले दिन से चल रही है। यह ठीक है कि मुस्लिम समाज के कुछ परिवार भारत को अपनी जन्म भूमि मान कर पाकिस्तान नहीं गये थे। लेकिन जो अपने आधे परिवार को भारत में छोड़कर गये थे और पाकिस्तान जाकर लौटे वे पूरी योजना के साथ । इसीलिए पाकिस्तान के आकार लेने के बाद भी भारत में न लव जिहाद रुका और न लैंड जिहाद। यदा-कदा पाकिस्तान के झंडे भी लहराये जाते हैं और नारे भी सुनाई देते हैं। घुसपैठियों के लिये पहले कश्मीर और नेपाल सीमा मुख्य मार्ग हुआ करता था।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 10 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- संयुक्त राज्य अमेरिका की संघीय सरकार ने 1816 में वहां दूसरे बैंक की स्थापना को मंजूरी दी।
- हेनरी बेर्घ ने 1866 में न्यूयॉर्क शहर में पशु क्रूरता निवारण के लिए अमेरिकन सोसायटी की स्थापना की।
- इथियोपिया में ब्रिटिश और भारतीय सेना ने 1868 में टेवॉड्रोज़ द्वितीय की सेना को हराया और इस युद्ध में 700 इथियोपियन मारे गये, जबकि सिर्फ़ दो ब्रिटिश-भारतीय सैनिक शहीद हुए।
- स्वामी दयानंद सरस्वती ने 1875 में आर्यसमाज की स्थापना की।
- राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को 1887 में स्प्रिंगफील्ड के इलिनोइस में अपनी पत्नी के साथ फिर से दफन किया गया।
- राम चंद्र चटर्जी 1889 में गर्म गुब्बारे में उड़ान भरने वाले पहले भारतीय बने।
- टाइटेनिक 1912 में ब्रिटेन के साउथेप्टन बंदरगाह से अपनी पहली और आखिरी यात्रा पर रवाना हुआ।
- प्रोफेशनल तरीके से पहले गोल्फ टूर्नामेंट का 1916 में आयोजन।
- ऐतिहासिक जेनेवा सम्मेलन 1922 में शुरू।
- सन 1930 में पहली बार सिंथेटिक रबक का उत्पादन हुआ।
- आस्ट्रिया 1938 में जर्मनी का एक राज्य बन गया।
- जापान के तत्कालीन युवराज आकिहितो ने मिचिको से 1959 में शादी की।
- पनडुब्बी यूएसएस थ्रेशर के 1963 में समुद्र में डूबने से 123 अमेरिकी नाविकों की मौत हो गई।
- ईरान में 1972 में आए भूकंप से लगभग 5 हजार लोगों की मौत हो गई।
- भारत का बहुउद्देशीय उपग्रह इनसेट-1ए का 1982 में सफल प्रक्षेपण।
- उत्तरी आयरलैंड में कैथोलिक एवं प्रोटेस्टेंटों के बीच 1998 में समझौता सम्पन्न।
- भारत व ईरान के बीच 2001 में तेहरान घोषणा-पत्र पर हस्ताक्षर।
- अमेरिका ने 2003 में इराक पर कब्जा कर लिया।
- यूरोपीय देश पोलैंड के राष्ट्रपति लेक काजिंस्की का 2010 में दुर्घटनाग्रस्त हुए विमान में सवार सभी 96 लोगों की मौत हो गई।
- केरल के कोल्लम जिले के पुत्तिलिंग मंदिर में 2016 में लगे भीषण आग से करीब 110 लोगों की मौत, 300 से ज्यादा लोग घायल।

### 10 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- पुलित्जर पुरस्कारों के प्रणेता अमेरिकी पत्रकार एवं प्रकाशक जोसेफ पुलित्जर का 1847 में जन्म।
- स्वतंत्रता पूर्व भारत के प्रतिष्ठित संपादकों तथा उदारवादी दल के संस्थापकों में से एक सी. वाई. चिन्तामणि का 1880 में जन्म हुआ।
- भारतीय उद्योगपति घनश्यामदास बिड़ला का 1894 में जन्म।
- बंगाल के प्रमुख कांग्रेसी नेता, महात्मा गांधी जी के अनुयायी और स्वतंत्रता सेनानी प्रफुल्लचंद्र सेन का 1897 में जन्म।
- परमवीर चक्र सम्मानित भारतीय सैनिक मेजर धनसिंह थापा का 1928 में जन्म।

## विशेष आलेख

# नया वक्फ विधेयक देश के लिए जरूरी

## जब समझ में आएगा तो अवाम फूल बरसाएगी, राजनीतिक दलों को तो अपने वोटों की फसल काटनी है



– रोशनलाल शर्मा

**देश में हाल ही में केन्द्र सरकार ने नया वक्फ संशोधन विधेयक संसद से पास कराकर राष्ट्रपति से स्वीकृत करा लिया है और इसके बाद बीते शनिवार को यह कानून बन गया है। इस नए वक्फ कानून को लेकर देश में मुस्लिम समुदाय दो भागों में बंट गया है। अधिक संख्या में मुस्लिम संगठन इसके विरोध में उतरे हैं लेकिन कुछ संगठनों ने इसका समर्थन भी किया है। वक्फ संशोधन विधेयक के प्रावधान जब पूरी तरह से मुस्लिम समुदाय को समझ में आ जाएंगे या इसके लागू होने के बाद जिस प्रकार के परिणाम सामने आएंगे उसके बाद खुद विरोध कर रही मुस्लिम अवाम फूल बरसाकर स्वागत भी करेगी।**

ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने वक्फ विधेयक को लेकर अपना समर्थन दिया और मुस्लिम समुदाय को आश्वासन दिया कि इस कानून से समुदाय की संपत्तियों, मस्जिदों, दरगाहों, ईदगाहों या कब्रिस्तानों को कोई खतरा नहीं है। यह विधेयक अधिकार देने के लिए है, उन्हें छीनने के लिए नहीं। उनके अलावा भाजपा से जुड़े मुस्लिम संगठन और मुस्लिम समाज का शिक्षित वर्ग भी इस विधेयक के फायदे समझ पा रहा है। बाकि विरोधी राजनीतिक दलों के बारे में तो कुछ कहना उचित नहीं होगा क्योंकि उनका काम तो सत्ता पक्ष का विरोध करना ही है। जानते तो उन दलों के नेता भी है कि वक्फ संपत्तियों की आड में क्या-क्या खेल होते रहे हैं। दरअसल इस नए कानून से असली खतरा वक्फ भू-माफियाओं को है, जिन्होंने करोड़ों रुपये की संपत्ति लूट ली है और वक्फ के वास्तविक उद्देश्य के खिलाफ काम किया है।

रजवी ने अपने समाज में राजनीतिक गलत सूचनाओं के खिलाफ भी चेतावनी दी और जनता से अफवाहों से गुमराह न होने का आग्रह किया। यद्यपि कुछ धार्मिक नेताओं ने वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025 का समर्थन किया है, लेकिन समुदाय के भीतर असहमति के स्वरों ने चिंता जताई है, आरोप लगाया है कि यह विधेयक मुस्लिम अधिकारों को कमजोर करता है और इसे हितधारकों के साथ उचित परामर्श के बिना पारित किया गया है।

**संशोधन पहली बार नहीं लेकिन पुख्ता संशोधन पहली बार :** 1954 के वक्फ अधिनियम से शुरू होकर, वक्फ संपत्तियों को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे में उभरती चुनौतियों का समाधान करने और बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए वर्षों में कई संशोधन हुए हैं। हाल ही में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 का उद्देश्य पारदर्शिता बढ़ाना, शासन संरचनाओं में सुधार करना और वक्फ संपत्तियों को दुरुपयोग से बचाना है। इन कानूनी सुधारों ने वक्फ संपत्तियों के प्रशासन को आकार दिया है। भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रशासन वर्तमान में वक्फ अधिनियम, 1995 द्वारा शासित है, जिसे केंद्र सरकार द्वारा अधिनियमित और विनियमित किया जाता है।

**अब जानिए वक्फ अधिनियम, 1995 :** इस अधिनियम ने वर्ष 1954 के अधिनियम और इसके संशोधनों को निरस्त कर दिया। वक्फ अधिनियम, 1995 को भारत में वक्फ संपत्तियों (धार्मिक बंदोबस्ती) के प्रशासन को नियंत्रित करने के लिए अधिनियमित किया गया था। यह वक्फ परिषद, राज्य वक्फ बोर्डों और मुख्य कार्यकारी अधिकारी की शक्ति और कार्यों के साथ-साथ मुतवल्ली के कर्तव्यों का भी प्रावधान करता है। यह अधिनियम एक वक्फ ट्रिब्यूनल की शक्ति और प्रतिबंधों का भी वर्णन करता है जो अपने अधिकार क्षेत्र के तहत एक सिविल कोर्ट के बदले कार्य करता है। एक ट्रिब्यूनल का निर्णय पार्टियों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा, कोई मुकदमा या कानूनी कार्यवाही किसी भी सिविल कोर्ट के तहत नहीं होगी। इस प्रकार, वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले को किसी भी सिविल कोर्ट से ऊपर बनाया गया।

**वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2013 :** तीन सदस्यीय वक्फ ट्रिब्यूनल का गठन, जिसमें मुस्लिम कानून और न्यायशास्त्र का ज्ञान रखने वाला व्यक्ति शामिल है। राज्य वक्फ बोर्डों में दो महिला सदस्यों को शामिल करना। वक्फ संपतियों की बिक्री और उपहार पर प्रतिबंध, अलगाव की गुंजाइश को कम करना। वक्फ संपत्तियों के लिए लीज अवधि 3 साल से बढ़ाकर 30 साल करना, बेहतर उपयोग को प्रोत्साहित करना।

**अब जानिए नया वक्फ कानून :** नए वक्फ कानून को वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025, और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक, 2024 की नाम से जाना जाता है। ये विधेयक वक्फ प्रशासन का आधुनिकीकरण करने, मुकदमेबाजी को कम करने और वक्फ संपत्तियों के कुशल प्रबंधन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एक प्रयास है। वक्फ अधिनियम, 1995 की कमियों को दूर करना और 2013 (संशोधन) अधिनियम द्वारा पेश की गई विसंगतियों को दूर करना इसका उद्देश्य है। कौमी वक्फ बोर्ड तरक्कियाती योजना (क्यूडब्ल्यूबीटीएस) और शहरी वक्फ सम्पत्ति विकास योजना (एसडब्ल्यूएसवीवाई) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय (एमओएमए), भारत सरकार के माध्यम से कार्यान्वित की जा रही है। ये दो योजनाएं राज्य वक्फ बोर्डों के स्वचालन और आधुनिकीकरण के लिए हैं। क्यूडब्ल्यूबीटीएस के अंतर्गत, वक्फ संपत्तियों के अभिलेखों के कम्प्यूटरीकरण और डिजिटीकरण के लिए जनशक्ति की तैनाती और वक्फ बोर्डों के प्रशासन को बेहतर करने के लिए सीडब्ल्यूसी के माध्यम से राज्य वक्फ बोर्डों को सरकारी सहायता अनुदान (जीआईए) प्रदान किया जाता है। एसडब्ल्यूएसवीवाई के अंतर्गत, वक्फ संपत्तियों पर वाणिज्यिक रूप से व्यवहार्य परियोजनाएं विकसित करने के लिए वक्फ बोर्डों/वक्फ संस्थाओं को ब्याज मुक्त ऋणों के आगे संवितरण के लिए केन्द्रीय वक्फ बोर्ड को अनुदान प्रदान किया जाता है। 2019-20 से 2023-24 तक क्यूडब्ल्यूबीटीएस और एसडब्ल्यूएसवीवाई के तहत क्रमशः 23.87 करोड़ रुपये और 7.16 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

**ये है देश में वक्फ सम्पत्तियां, जो अब कानून के हिसाब से हैंडल होंगी:** देश के 30 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों और 32 बोर्डों ने रिपोर्ट किया है कि वहां 8 .72 लाख संपत्तियां हैं, जो 38 लाख एकड़ से अधिक भूभाग को कवर करती हैं। 8 .72 लाख संपत्तियों में से 4 .02 लाख उपयोगकर्ता द्वारा वक्फ हैं। शेष वक्फ संपत्तियों के लिए, स्वामित्व अधिकार स्थापित करने वाले दस्तावेज (डीड्स) 9279 मामलों के लिए अपलोड किए गए हैं और केवल 1083 वक्फ डीड अपलोड किए गए हैं।

## महावीर जयंती पर विशेष

# महावीर जन्म कल्याणक महोत्सवः आधुनिक मानवता के लिए नैतिक पुनर्जागरण का संदेश



– संजय खाबिया

**वैशाख शुक्ल त्रयोदशी, जैन समाज ही नहीं, अपितु सम्पूर्ण भारतवर्ष के लिए एक आध्यात्मिक गौरव का दिवस है। यही वह तिथि है जब 599 ईसा पूर्व, वैशाली राज्य के क्षत्रियकुंड ग्राम में महाराज सिद्धार्थ और महारानी त्रिशला के पुत्र वर्धमान का जन्म हुआ—जो आगे चलकर भगवान महावीर के नाम से विश्ववंद्य हुए। भगवान महावीर न केवल जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर थे, बल्कि उन्होंने आत्मशुद्धि, करुणा, सत्य और संयम का वह प्रकाशपुंज समाज को प्रदान किया, जिसकी आवश्यकता आज पहले से कहीं अधिक है।**

**धार्मिक अनुष्ठान से आगे बढ़कर वैचारिक क्रांति की आवश्यकता :** समाज में जब धार्मिक उत्सवों का स्वरूप केवल परंपराओं और अनुष्ठानों तक सीमित रह जाता है, तब उनके मूल संदेश छिपने लगते हैं। भगवान महावीर का जन्मकल्याणक एक ऐसा अवसर है, जब हमें न केवल उनके जीवन को स्मरण करना चाहिए, बल्कि उनके सिद्धांतों को समाज के व्यवहार में पुनः प्रतिष्ठित करने का प्रयास करना चाहिए।

**अहिंसाः केवल विचार नहीं, व्यवहार का आचरण बने :** महावीर स्वामी का सबसे केंद्रीय सिद्धांत था—अहिंसा परमो धर्मः। यह केवल शारीरिक हिंसा से विरक्ति नहीं, अपितु मन, वचन और कर्म से किसी भी जीव के प्रति हिंसा की भावना का परित्याग है। आज के संदर्भ में, जहां आक्रोश, असहिष्णुता और मानसिक हिंसा सामान्य हो चली है, वहां महावीर का यह संदेश सामाजिक संतुलन की रीढ़ बन सकता है। चाहे वह सोशल मीडिया पर बढ़ता कटु संवाद हो, पारिवारिक असहमति, या राजनीतिक द्वेष—हर स्तर पर अहिंसा की प्रासंगिकता अधिक गहरी हुई है।

**अपरिग्रह- भोगवाद की दौड़ में संतुलन का समाधान :** आज का समाज उपभोग और संग्रह की दौड़ में इस कदर भाग रहा है कि व्यक्ति की पहचान उसके पास रखी वस्तुओं से आँकी जाने लगी है। भगवान महावीर ने अपरिग्रह का सिद्धांत देते हुए चेताया था कि वास्तविक स्वतंत्रता तभी संभव है जब हम वस्तुओं की दासता से मुक्त हों।

**जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय असंतुलन और मानसिक अवसाद**—इन सबका सीधा संबंध हमारे अतिसंग्रह और उपभोक्तावादी जीवनशैली से है। ऐसे में भगवान महावीर का अपरिग्रह आज के लिए एक व्यवहारिक मार्गदर्शन है।

**समता, सहिष्णुता और विवेक की स्थापना :** भगवान महावीर ने धर्म को किसी जाति, वर्ग या लिंग से नहीं बाँधा। उनके अनुयायियों में स्त्रियाँ, राजा, दास और व्यापारी सभी सम्मिलित थे। यह समभाव आज की उस दुनिया को चुनौती देता है, जहां विभाजन रेखाएं गहरी होती जा रही हैं। वर्तमान में जब सामाजिक ताना-बाना भेदभाव और असमानता से क्षीण हो रहा है, तब महावीर का दर्शन हमें याद दिलाता है कि हर आत्मा स्वतंत्र और पूज्य है—यह केवल आध्यात्मिक नहीं, सामाजिक न्याय का भी मूल है।

**युवाओं के लिए आत्मविकास का आह्वान :** युवा वर्ग आज उथल-पुथल से जूझ रहा है—करियर, पहचान और उद्देश्य की अनिश्चितताओं में। ऐसे में भगवान महावीर का जीवन एक गहन प्रेरणा है। उन्होंने 30 वर्ष की अवस्था में भोगविलास त्यागकर आत्मान्वेषण का मार्ग चुना।

यह संदेश आज भी प्रासंगिक है: यथार्थ सुख बाह्य संसाधनों में नहीं, आत्मसाक्षात्कार में निहित है। जब युवा महावीर के विचारों से जुड़ेंगे, तभी समाज नैतिक रूप से सुदृढ़ बन सकेगा।

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है कंपनी बाग विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट सौरभ शर्मा । जिन्हें प्यार से लोग राजा भैया के नाम से पुकारते हैं । पिछले कई सालों से कंपनी बाग के विकास के लिए उसकी हरियाली के लिए कटिबद्ध तरीके से अपने दायित्व और संकल्पों को ध्यान में रखते हुए कंपनी बाग का विकास कराया। इसके साथ ही कोरोना काल में बिना अखबार में छाए हुए पर्दे के पीछे से ऐसे असहाय और निर्धन लोगों की मदद की जो वास्तव में अपने छोटे मोटे काम और पर आश्रित थे। छोटे व्यवसाय करने वाले लोग छोटा-मोटा धंधा करने वाले लोग ऐसे लोगों की कोरोना काल में पर्दे के पीछे से मदद करते हुए बहुत बेहतरीन कार्य किया । इसके अलावा सन 2017- 18 में होने वाले लोकसभा विधानसभा चुनाव में पुलिस के फ़्लैग मार्च में समिति व निजी तौर पर सहयोग करते हुए उनके फ़्लैग मार्च व रैली को सफल बनाए जाने में सहयोग किया इसके लिए तत्कालीन जिला पुलिस अधीक्षक परिष अनिल देशमुख द्वारा उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया। अनेकों बार उल्लेखनीय सेवा के लिए इन्हें अलग-अलग मंचों पर सम्मानित भी किया जा चुका है। कंपनी बाग की सुदृढ़ और बेहतरीन व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन द्वारा भी इन्हें सम्मानित किया जा चुका है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे नौजवान समाजसेवी के उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



एडवोकेट सौरभ शर्मा
( पूर्व अध्यक्ष कम्पनी बाग विकास समिति )

रूपक शर्मा

## 2025_094 a – बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | | 9 | | 7 | 6 | 2 | |
| 2 | 3 | | 6 | 5 | | | | |
| | 7 | 6 | 2 | | | 3 | | |
| | 9 | 5 | | | | | | 4 |
| 4 | | | | | | | 7 | 8 |
| 7 | 8 | | 5 | | 4 | | | |
| | 2 | 8 | | 7 | 5 | | 3 | |
| | | 1 | 8 | | 6 | 7 | 5 | |
| 9 | 5 | | | 1 | | 4 | 8 | |

### Ans_2025_093

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 8 | 7 | 2 | 9 | 3 | 6 | 4 | 1 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 3 |
| 9 | 3 | 6 | 1 | 8 | 4 | 2 | 7 | 5 |
| 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 | 8 | 9 |
| 8 | 6 | 1 | 4 | 2 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 7 | 9 | 5 | 8 | 3 | 1 | 4 | 2 | 6 |
| 4 | 5 | 9 | 7 | 1 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 2 | 1 | 3 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 8 |
| 6 | 7 | 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 4 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**वृष**
स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**मिथुन**
मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। सुख-शांति बनी रहेगी। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क**
आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी। स्नेहीजनों के साथ घनिष्ठता बढ़ेगी।

**सिंह**
आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा। आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे।

**कन्या**
दोस्तों के साथ मुलाकात होगी। किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है।

**तुला**
व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**वृश्चिक**
आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**धनु**
मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**मकर**
अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है।

**कुंभ**
स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे।

**मीन**
दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है।

# आरटीई लॉटरी: तीन लाख बच्चों को मिलेगा मुफ्त दाखिला, पोर्टल पर देखें वरीयता क्रम

## शिक्षामंत्री ने निकाली आरटीई की लॉटरी, तीन लाख बच्चों को मिलेगा निःशुल्क दाखिला

### वेब पोर्टल पर आवेदन की आईडी एवं मोबाइल नंबर से लॉगिन कर देख सकेंगे वरीयता क्रमांक

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा संकुल परिसर सभागार में आयोजित एक सादा समारोह में बुधवार को नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के तहत ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया का शुभारंभ किया। शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए तीन लाख से अधिक बच्चों को गैर-सरकारी विद्यालयों में निःशुल्क प्रवेश मिलेगा। राज्य में कुल 34,799 पात्र गैर-सरकारी विद्यालयों के लिए यह लॉटरी निकाली गयी, जिससे लाखों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा। अभिभावक बेव पोर्टल पर आवेदन आईडी व मोबाइल नंबर के माध्यम से अपने बच्चे की वरीयता सूची में स्थिति देख सकते हैं। शिक्षामंत्री ने असहाय वर्ग और अल्पआय वर्ग के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा की सौगात देते हुए ऑनलाइन पोर्टल पर क्लिक करते हुए लॉटरी का शुभारंभ किया। लॉटरी द्वारा वरीयता सूची को अभिभावक विद्यालयवार वेबपोर्टल द्धह्लह्श्च-//222.ह्डु्द्रश्चह्यश्च.ठ्ठद्ब.द्बठ्ठ/ के होम पेज पर %अभ्यार्थी प्राथमिकता क्रम% पर क्लिक करके देख सकते हैं। यहां आवेदन की आईडी नंबर व मोबाइल नंबर से लॉगिन करके वरीयता क्रमांक सभी आवेदित विद्यालयों में एक साथ देख सकते हैं।

#### तीन साल से अधिक आवेदन

निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12 (1) (ग) के तहत समस्त गैर राजकीय विद्यालयों में निःशुल्क सीट्स प्रवेश के लिए वरीयता क्रम हेतु ऑनलाइन लॉटरी में तीन लाख से अधिक विद्यार्थियों के नाम शामिल किए गए हैं। निःशुल्क सीट पर प्रवेश हेतु राज्य में कुल 34,799 पात्र विद्यालय हैं जिनमें आवेदन प्राप्त विद्यार्थियों की संख्या 3,08,064 है। इनमें बालकों की संख्या - 1,61,816, बालिकाओं की संख्या - 1,46,241 और कुल थर्ड जेन्डर की संख्या - 7 है।



#### बालक-बालिकाओं की कुल संख्या - 3,08,064

-कुल बालकों की संख्या - 161816
-कुल बालिकाओं की संख्या -146241
-कुल थर्ड जेन्डर की संख्या - 7

#### इनका कहना है

शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने आरटीई लॉटरी के माध्यम से चयनित सभी विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग वंचित व अल्पआय वर्ग के बच्चों को निःशुल्क गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी घोषणा की कि आरटीई से संबंधित परिवादों (अपीलों) के शीघ्र समाधान हेतु विभाग द्वारा एक नया पोर्टल प्रस्तावित किया गया है, जिसमें अभिभावक एवं विद्यालय अपने परिवाद दर्ज कर सकेंगे। यह पोर्टल प्रणाली में पारदर्शिता और त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेगा।

## जयपुर नगर निगम हेरिटेज की समितियों में गुर्जर समाज की उपेक्षा पर भड़का आक्रोश, प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से की मुलाकात



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** नगर निगम हेरिटेज द्वारा हाल ही में गठित विभिन्न समितियों में गुर्जर समाज की उपेक्षा को लेकर समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। समाज के प्रतिनिधियों का कहना है कि एक बड़े और समर्पित समाज को प्रतिनिधित्व से वंचित करना न सिर्फ अन्यायपूर्ण है, बल्कि लोकतांत्रिक भावना के भी विरुद्ध है। नगर निगम की किसी भी समिति में गुर्जर समाज से संबंधित किसी पार्षद को अध्यक्ष पद नहीं दिया गया है। प्रतिनिधियों का कहना है कि भाजपा से हेरिटेज नगर निगम में गुर्जर समाज के एकमात्र पार्षद अमर सिंह गुर्जर को भी किसी समिति या बोर्ड में स्थान नहीं दिया गया, जो साफ तौर पर समाज के साथ भेदभाव को दर्शाता है। आज गुर्जर समाज के प्रमुख प्रतिनिधियों मनीष भरगढ़ (अखिल भारतीय वीर गुर्जर महासभा प्रदेश अध्यक्ष), कपिल गुर्जर, सोनू पोसवाल, नाथू सिंह गुर्जर, रामावतार खटाना, सुनील कारण सहित एक प्रतिनिधिमंडल ने महापौर कुसुम यादव से भेंट की और समाज की भावनाओं को उनके समक्ष रखा।

लेकिन प्रतिनिधियों का कहना है कि महापौर की ओर से गुर्जर समाज के प्रति उदासीनता दिखाई दी।प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही समाज के योग्य पार्षद को समिति अध्यक्ष पद पर मनोनीत नहीं किया गया तो गुर्जर समाज सड़कों पर उतर कर विरोध प्रदर्शन करेगा। इसके साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया कि यदि समाज को लगातार नजरअंदाज किया गया तो इसका जवाब आने वाले नगर निगम चुनाव में दिया जाएगा।समाज ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश नेतृत्व से भी अपील की है कि वे इस मुद्दे को गंभीरता से लें और समाज को उसका न्यायोचित प्रतिनिधित्व दिलवाएं।

## न्यू जागृति सामाजिक सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सियाराम स्वामी ने सम्मेलन के माध्यम से दिए गए भूखंड प्लॉट दंपति को स्पूर्त किया



**अजमेर ( घनश्याम दास )।** नव जागृति सामाजिक सेवा संस्थान के तत्वाधान में एक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सियाराम स्वामी व रवि कुमार ललावत उपाध्यक्ष ने बताया की सर्व धर्म विवाह सम्मेलन के माध्यम से शादीशुदा नव दंपति को उपहार स्वरूप एक प्लॉट भूखंड दिया गया हैं,वह सभी नव दंपतियों को सूचित किया जाता है कि 21मई से 25 चार दिवसीय शिविर निवाई में लग जाए लगाया जाएगा। इस दौरान दिए गए अपने-अपने उपहार भूखंड प्लाट का मौके पर कब्जा संभाल दिया जाएगा। वह नव दंपति से अनुरोध है शिविर में अधिक से अधिक भाग लेकर अपना प्लांट भूखंड भली भाती कब्जा संभाले।

## प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 के लिए नियंत्रण कक्ष की स्थापना

- राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 12 अप्रैल को किया जाएगा परीक्षा का आयोजन
- जयपुर शहर के 176 परीक्षा केन्द्रों पर दो पारियों में आयोजित होगी परीक्षा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 12 अप्रैल 2025 को प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा का आयोजन जयपुर शहर के 176 केन्द्रों पर होगा। दो पारियों में (प्रथम पारी प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर 3 बजे से सांय 5 बजे तक) आयोजित होने वाली परीक्षा में कुल 61 हजार 968 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर (पूर्व) गोपाल सिंह शेखावत ने बताया कि परीक्षा के सुचारू एवं सफल संचालन के लिये कलक्ट्रेट के कमरा नम्बर 116 में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसका संचालन 10 अप्रैल से 12 अप्रैल 2025 तक किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष 10 अप्रैल एवं 11 अप्रैल 2025 तक प्रात: 10 बजे से सांय 6 बजे तक कार्य करेगा। वहीं, 12 अप्रैल को प्रात: 7 बजे से परीक्षा समाप्ति उपरान्त नियंत्रण कक्ष से संबंधित समस्त कार्य पूर्ण होने तक कार्य करेगा। परीक्षा के लिए कुल दो पारियों में 92 उप समन्वयक एवं 31 उड़नदस्तों का तैनाती की गई है।

उन्होंने बताया कि जयपुर स्थित परीक्षा केन्द्रों के लिए नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर 0141-2206699 रहेगा। उक्त नियंत्रण कक्ष पर जयपुर में स्थापित किये गए परीक्षा केन्द्रों से संबंधित जानकारियां प्रदान की जाएंगी एवं जयपुर स्थित परीक्षा केन्दों से संबंधित शिकायतों का निस्तारण किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आवेदन प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद भर्ती परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि परीक्षा के आयोजन के लिए पुलिस, नगर निगम, यातायात पुलिस, शिक्षा विभाग, चिकित्सा विभाग, नागरिक सुरक्षा विभाग, विद्युत विभाग, रोडवेज, जेसीटीसीएल सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई है।



## योगगुरु बाबा रामदेव का जयपुर की पावन-धरा पर मोहित टेलर ने किया सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** योग और स्वदेशी आंदोलन के प्रणेता योगगुरु बाबा रामदेव का भव्य स्वागत जयपुर में किया गया, जहां उन्होंने भारतीय शिक्षा बोर्ड के प्रचार-प्रसार को लेकर एक विशेष कार्यक्रम में भाग लिया वहाँ रामाज रिसोर्ट कुर्तीस के ओनर मोहित टेलर और अभिषेक गुप्ता ने भगवान श्री राम की हाथ की कड़ाई से बनी प्रतिमा भेट की । योग गुरु से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## रिलायंस जियो ने जयपुर के श्री बालाजी कॉलेज में अपना पहला 'मैनेज्ड वाई-फाई' लॉन्च किया

### छात्रों और स्टाफ के लिए हाई-स्पीड, सुरक्षित इंटरनेट सेवा अब उपलब्ध

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** रिलायंस जियो ने मंगलवार को जयपुर के बेनाड़ रोड स्थित श्री बालाजी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में अपना पहला 'मैनेज्ड वाई-फाई' लॉन्च किया। इस पहल का उद्देश्य शैक्षणिक संस्थानों को हाई-स्पीड और पूरे कैंपस में फैली इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करना है, जिससे शैक्षणिक वातावरण को डिजिटल रूप से समृद्ध किया जा सके।

उद्घाटन समारोह के दौरान रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड, राजस्थान के सीईओ श्री सूरज साहा, स्टेट एंटरप्राइज हेड श्री नितिन गोयल, श्री बालाजी शिक्षा समिति के चेयरमैन श्री भागीरथ पूनिया, मैनेजिंग डायरेक्टर श्री जगदीश पूनिया सहित जियो के वरिष्ठ अधिकारी और कॉलेज के प्रशासनिक लोग उपस्थित रहे।




जियो का मैनेज्ड वाई-फाई सॉल्यूशन कंटेंट फिल्टरिंग, ब्रांडेड पोर्टल के जरिए सशक्त प्रमाणीकरण (ऑथेंटिकेशन), और इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट के साथ केंद्रीकृत नियंत्रण जैसी सुविधाएं प्रदान करता है। उन्नत वाई-फाई 6 तकनीक से संचालित यह सेवा तेज गति, कम लेटेंसी और बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित करती है, जो खासतौर पर शैक्षणिक संस्थानों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर तैयार की गई है।

## प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की हुई जाँच, मिला उपचार

### मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को मिला सोनोग्राफी के लिए वाउचर..

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के अंतर्गत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। जिसमें उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को चिन्हित कर उनका ईलाज करने के साथ पोषण युक्त आहार की जानकारी प्रदान की गई। गौरतलब है कि राज्य स्तर के निर्देशानुसार अब प्रत्येक माह की 09, 18 व 27 तारीख को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि जिले के चिकित्सा संस्थानों पर मनाए गए प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत विशेषज्ञ चिकिसकों द्वारा मां वाउचर योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को सोनोग्राफी कराने के लिए माँ वाउचर दिये गए साथ ही अन्य जाँच व उपचार किये गए उनके रक्तचाप, शर्करा के स्तर, वजन, लंबाई, हीमोग्लोबिन, रक्त, एचआईवी जांच, हृदय स्पंदन आदि की जांच कर उनको गर्भ में पल रहे शिशु और स्वयं की देखभाल के विषय मे बताया गया और आई.एफ.ए. कैल्शियम तथा अन्य आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर चिकित्साकर्मियों द्वारा उन्हें पौष्टिक आहार के महत्व को बताते हुए पोषणयुक्त आहार लेने हेतु जागरूक किया गया। साथ ही निरामय राजस्थान अभियान के तहत अप्रैल माह संतुलित आहार, स्वस्थ जीवन का आधार पर मनाया गया जिसके तहत संतुलित आहार के महत्व व स्थानीय उपलब्ध खाद्य पदार्थों के प्रति जानकारी दी गई , लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया ।

उन्होंने बताया कि गर्भवती महिलाओं को गुणवत्ता युक्त प्रसव



पूर्व जांच सुविधाएं देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है, जिससे गर्भावस्था व प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने में मदद मिल सके। अभियान का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को एक स्वस्थ जीवन प्रदान करना है। गर्भवती महिलाओं को रोगों, उपचार एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, जिससे बच्चे के स्वस्थ जीवन के साथ ही सुरक्षित प्रसव को सुनिश्चित किया जा सके और जच्चा-बच्चा के स्वास्थ्य में आने वाले जोखिम को पूर्व में पहचान कर स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान की जा सके।






## जयपुर में सेवा कुंज आश्रम में श्री निम्बार्क कृष्ण बिहारी जी का नवम् पाटोत्सव महोत्सव

### माखन लीला और ऊखल लीला की कथा वर्णन किया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सेवा कुंज आश्रम, जगतपुरा, जयपुर में श्री निम्बार्क कृष्ण बिहारी जी भगवान के नवम् पाटोत्सव के उपलक्ष्य में, संत बाबा श्री कृष्णशरण (कल्याण दास) द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर व्यासपीठ पर आसीन पं. रमेश चन्द शास्त्री (करौली वाले) ने पंचम् दिवस पर माखन लीला, ऊखल लीला एवं अधासूर की कथा का विशेष वर्णन किया।

कल, षष्ठम् दिवस पर कृष्ण मथुरा गमन एवं कंश वध की कथा का आयोजन होगा। वृन्दावन की प्रसिद्ध राममण्डली, स्वामी श्री भुनेश्वर वशिष्ठ द्वारा भव्य कथा एवं संगीतमाला का आयोजन किया जा रहा है। सभी श्रद्धालुओं से इस दिव्य आयोजन में भाग लेने की अपील की जाती है।

## विश्व नवकार मंत्र दिवस समारोह आयोजित राज्यपाल ने नवकार मंत्र को ध्यान से जुड़ी अध्यात्म की भारतीय महान परंपरा बताया नवकार मंत्र विश्व कल्याण से जुड़ी प्रार्थना- राज्यपाल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने नवकार मंत्र को स्तुति से युक्त सर्व कल्याण प्रार्थना बताते हुए कहा है कि यह ध्यान का ज्ञान है। उन्होंने कहा कि यह विश्व कल्याण के साथ बाधाओं के निवारण का आदि मंत्र है। उन्होंने कहा कि विश्व नवकार मंत्र दिवस भारत की अध्यात्म परम्परा में निहित विश्व शांति की सामूहिक भावना का द्योतक है।

बागडे बुधवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) द्वारा आयोजित विश्व नवकार मंत्र दिवस पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन मंत्रों की साधना से ही जुड़ा है। मंत्र का अर्थ होता है, पवित्र उच्चारण। इससे धरती पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक भावों से मुक्ति मिलती है।

उन्होंने जैन परंपरा में तीर्थंकरों की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन का आदर्श मार्ग प्रदान किया। तप, अहिंसा, अपरिग्रह आदि के मार्ग से जीवन को धन्य करने की शिक्षा तीर्थंकरों ने दी। नवकार मंत्र इसी परंपरा का बहुत पावन भारतीय संस्कार है। यह मानव कल्याण से जुड़ा है।

राज्यपाल ने इससे पहले नमोकार मंत्र का उच्चारण करते हुए कहा कि इस मंत्र को समझकर और भक्तिपूर्वक जपने से आदिनाथ का ध्यान ही नहीं होता बल्कि जीवन की तमाम समस्याओं के समाधान का मार्ग खुल जाता है। उन्होंने कहा कि जैन धर्म नहीं संस्कृति है। उन्होंने 卐सर्वे भवन्तु सुखिन卐 की भारतीय सोच का प्रसार करने का भी आह्वान किया।

# साहवा को पंचायत समिति बनाने की उठी माँग

## ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार साहवा को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान



**साहवा (कृष्ण कुमार)।** तारानगर विधानसभा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत जिसको गत दिनों नगरपालिका बनाने की घोषणा की गई थी, नगर निकाय में शामिल साहवा कस्बे को अब पंचायत समिति मुख्यालय बनानें की माँग उठने लगी है। इसको लेकर कस्बेवासियों ने मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार साहवा को ज्ञापन सौंपकर साहवा को पंचायत समिति मुख्यालय बनानें की मांग उठाई है। बुधवार को बड़ी संख्या में कस्बेवासी उपतहसील कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने उप तहसील के वरिष्ट लिपिक रामनिवास सहारण को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 20 हजार से अधिक आबादी वाले साहवा के उपतहसील कार्यालय से 32 गांव जुड़े हुए हैं तथा साहवा पुलिस थाना क्षेत्र के अधीन 34 गाँव हैं इसके साथ ही विधुत विभाग व जलदाय विभाग के 44 गाँवो के लोग प्रतिदिन अपने काम के लिए यहां आते है। कस्बे में सरकारी कॉलेज,कृषि महाविद्यालय, बीएड कॉलेज सहित अनेक निजी पीजी कॉलेजों में रोजाना हजारों विद्यार्थी अध्ययन करने आते है। ऐसे में साहवा कस्बा पंचायत समिति मुख्यालय बनने की मजबूत दावेदारी रखता है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने लिखा कि कस्बे की भौगौलिक स्थिति व ग्रामीणों की मांग तथा आस-पास के गाँवों के जनहित में साहवा को पंचायत समिति सृजित किया जाए। ज्ञापन देने वालो में कुरड़ाराम सिहाग, शिवनारायण मुंदलिया, कांग्रेस पंचायत अध्यक्ष रोहिताश सैनी, भादरराम मेघवाल, मेघराज बेरवाल, पंच हुकमीचंद बेरवाल, पंच जगदीश प्रसाद, दारासिंह सोनी, शौकिन खान, हरदत्त जोशी, विकास पारीक, कपील सैनी,विनोद आसेरी सहित अनेक कस्बेवासी मौजूद थे। विदित रहे राज्य सरकार द्वारा पंचायतों के पुनर्गठन और परिसीमन के तहत तारानगर में पंचायतों की संख्या 49 होने के साथ ही सादुलपुर सिधमुख और सरदारशहर की 11 पंचायतों को जोड़कर तारानगर के साथ भालेरी को नई पंचायत समिति बनाने की अधिसूचना जारी की है। जिसके तहत भालेरी में 27 ग्राम पंचायतों को शामिल कर 6 मई तक आपत्ति दर्ज करवाने का आदेश जिला कलेक्टर चुरु द्वारा जारी किया गया है।

## कोबरा बटालियन के शहीद मुकेश कुमार की विरांगना शौर्य दिवस पर सम्मानित

# विरांगनाएं समाज की सच्ची नायिकाएं होती है : डॉ. पूरण मल बुनकर

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रामपुरा कोबरा बटालियन के राष्ट्रपति पुलिस वीरता पदक से सम्मानित शहीद मुकेश कुमार बुनकर के परिजनों का राजस्थान के सेक्टर मुख्यालय केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा नायला में शौर्य दिवस पर समारोह के मुख्य अतिथि कमांडेंट कुलदीप कुमार जैन, विकेश कुमार, द्वितीय कमान अधिकारी उगमा राम, उप कमांडेंट प्रवीन कुमार द्वारा विरांगना बीना देवी व उनके पारिवारिक सदस्य पुत्री मोनिका, ममता, ऋषिका, संदीप वर्मा सहित परिजनों को प्रस्तति पत्र, स्मृति चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। साथ ही अधिकारियों ने शहीद परिजनों से कुशलक्षेम पूछी, उनकी समस्याएं सुनी और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। कमांडेंट कुलदीप कुमार जैन ने विरांगना को सम्मानित करते हुए कहा कि शौर्य दिवस पर विरांगना सम्मानित होने से न केवल उन्हें सम्मान मिलता है, बल्कि यह समाज को भी संदेश देता है कि साहस, बलिदान और देशभक्ति के मूल्यों को महत्व देना चाहिए। शौर्य दिवस हमें विरांगनाओं के योगदान को याद करने और उनके प्रति सम्मान व्यक्त करने का अवसर प्रदान करता है। सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पूरण मल बुनकर ने बताया कि विरांगनाएं हमारे समाज की सच्ची नायिकाएं होती हैं जिन्होंने अपने जीवन को देश और समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया है। उनके साहस और बलिदान की कहानियां हमें प्रेरित करती हैं और हमें अपने लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए प्रोत्साहित करती हैं। बुनकर ने बताया कि 9 अप्रैल 1965 के दिन कच्छ के रण गुजरात में स्थित सरदार पोस्ट पर सीआरपीएफ के कम संख्या में रहते हुए सीआरपीएफ की टुकड़ी ने पाकिस्तान की एक पूरी ब्रिगेड का मुकाबला साहस के साथ किया और पाकिस्तान की ब्रिगेड को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया था। हमले में 34 पाकिस्तानी सैनिकों को मौत के घाट उतारकर 4 को जिंदा गिरफ्तार किया गया। इस संघर्ष में सीआरपीएफ के 6 बहादुर सैनिकों ने अपनी शहादत दी। यह दिन सेना युद्ध के इतिहास में एक अनूठा उदाहरण है। सीआरपीएफ के बहादुर जवानों की गाथा को श्रद्धांजलि के रूप में हर वर्ष 9 अप्रैल को शौर्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।

## राजस्थान पेंशनर समाज ने प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 में पुनर्विचार करने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** स्थानीय राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश शास्त्री के नेतृत्व में बुधवार को पावटा उपखंड अधिकारी कपिल कुमार उपाध्याय को प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को तुरंत वापस लेने की मांग की गई। अध्यक्ष सुरेश शास्त्री ने बताया कि भारत सरकार द्वारा वित्त विधेयक में जो अध्याय शामिल किया है, वह भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय से संबंधित है, जिसके जरिए सरकार को पेंशनरों में सेवानिवृत्ति की तिथि के आधार पर भेदभाव करने का अधिकार मिल जाएगा। इससे न केवल संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होता है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक डी.एस. नकारा बनाम भारत सरकार (17 दिसंबर 1982) के निर्णय को भी चुनौती दी जाती है। पूर्व अध्यक्ष प्रभाती लाल सराधना ने कहा कि यह विधेयक 8वें वेतन आयोग के लाभों से पेंशनरों को वंचित करता है और 7वें वेतन आयोग द्वारा तय की गई समानता की भावना को भी समाप्त करता है। उन्होंने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है, जिससे कि 01 जनवरी 2026 से पहले और बाद में सेवानिवृत्त पेंशनरों के बीच कोई भेदभाव न रहे। कार्यकारी सदस्य रामजीलाल आर्य ने कहा कि यदि सरकार द्वारा विधेयक से पेंशनरों के हितों पर कुठाराघात करने वाले प्रावधानों को नहीं हटाया गया तो समाज को आंदोलनात्मक रुख अपनाना पड़ेगा। आर्य ने कहा, उम्र के इस पड़ाव में हमें सड़कों पर उतरने और आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ा तो इसकी समस्त जिम्मेदारियां सरकार की होगी। इस दौरान कोषाध्यक्ष मूलचंद गुर्जर, बजरंग सिंह, लीलाराम गुर्जर, श्याम सुंदर आर्य, हीरालाल गुर्जर, जगराम, लक्ष्मी नारायण यादव, उमेश टांक, रामकुवार यादव, कानाराम स्वामी, कैलाश योगी, लक्ष्मी नारायण स्वामी, अश्विनी रेंजर, रामजीलाल वर्मा समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# पांच दिवसीय श्री श्री दत्तात्रेय भगवान मन्दिर, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुण्डीय महायज्ञ आज से

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** श्री नांदेश्वर महादेव मंदिर निर्माण एवं विकास समिति द्वारा नाई गांव स्थित नांदेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय श्री श्री दत्तात्रेय भगवान मंदिर,मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुण्डीय महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी शुरूआत 10 अप्रेल से होगी। समिति के भवानीशंकर पुजारी ,रमेश आमेटा,हरिवल्लभ आमेटा,गुणवन्त कोठारी ने अशोका पैलेस स्थित मधुश्री बैंक्वेट हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में बताया कि 10 अप्रेल को हेमाद्रि, प्रायश्चित स्नान के पश्चात सांय 4 बजे 108 कलश यात्रा, मण्डप प्रवेश ब्राह्मणवरण, गणपति स्थापना, देव स्थापन, अग्नि स्थापन,11 को स्थापित देव पूजन, दण्ड़क हवन, स्थापित देव हवन, धान्याधिवास,12 को स्थापित देव पूजन, हवन एवं रूद्र याग, मूर्ति न्यास जलाधिवास,13 को स्थापित देव पूजन, हवन, चण्डीयाग, मन्दिर न्यास, मन्दिर स्नान, शय्याधिवास,अंतिम दिन 14 अप्रेल को कलश एवं शोभा यात्रा निकलेगी जो नोरा घाटी, चौकड़िया एवं झलार बावड़ी गाँव नाई से प्रात: 7 बजे से प्रारम्भ होगी। तत्पश्चात् कलश स्थापन, ध्वज दण्ड आरोहण, मूर्ति प्राणप्रतिष्ठा एवं अभिजित मुहूर्त में पूर्णाहूति होगी। दोपहर 1 बजे महाप्रसादी होगी। श्री महन्त एकादशी गिरी ने बताया कि इस आयोजन में लगभग 10 हजार लोगों के भाग लेने की संभावना है। आयोजन में सूरजकुण्ड़ (कुम्भलगढ़) के अवधेशानन्द महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा। भंवानीशंकर ने बताया कि इस आयोजन में तीन ओर से शोभायात्रा निकलेगी जो अलग-अलग गांव से मंदिर की पहुंचेगी। जिसे त्रिवेणी संगम नाम दिया गया है। इस आयोजन में 10 से 15000 लोगों के शामिल होने की संभावना है।

महिलाएं कलश यात्रा में मिट्टी के 108 कलश धारण कर शामिल होंगी। शोभायात्रा के साथ निकलने वाली कलश यात्रा में 3100 कलशधारी महिलाएं शामिल होंगी।

शोभायात्रा में 50 घोड़े 10 ऊंट एवं हाथी के शामिल होने की भी संभावना है। 14 अप्रैल सोमवार को कलश एवं शोभा यात्रा नोरा घाटी, चौकड़िया एवं जलार बावड़ी गांव नाई से प्रात 7 बजे प्रारंभ होगी। इस संपूर्ण आयोजन का उद्देश्य धर्म की जय हो अधर्म का नाश हो प्राणियों में सद्भावना हो एवं विश्व का कल्याण हो का है।

# डीपीएस के हर्षवर्धन सिंह का राष्ट्रीय फुटबाल प्रतियोगिता में चयन

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** 68वीं राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत अंडर-19 वर्ग की राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता हेतु 6 व 7 मई को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाय, तहसील नवलगढ़, जिला झुंझुनू में राज्य दल के चयन पूर्व परीक्षण व प्रशिक्षण हेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिल्ली पब्लिक स्कूल, उदयपुर के कक्षा 12वीं के छात्र हर्षवर्धन सिंह राजपुरोहित का चयन राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता के प्रशिक्षण शिविर हेतु किया गया है। विद्यालय के फुटबॉल कोच देव बहादुर सिंह चुंडावत ने बताया कि हर्षवर्धन उदयपुर शहर से चयनित एकमात्र खिलाड़ी है, जो समूचे शहर के लिए गर्व की बात है। उपप्राचार्य श्री राजेश धाबाई ने बताया कि हर्षवर्धन शिविर के पश्चात इम्फाल, मणिपुर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में उदयपुर का प्रतिनिधित्व करेगा। हर्षवर्धन सिंह की इस उपलब्धि पर प्रो वाइस चेयरमैन गोविंद अग्रवाल, प्राचार्य संजय नरवरिया व उप प्राचार्य राजेश धाभाई ने हर्षवर्धन व उसके अभिभावकों को बधाई व शुभकामनाएँ प्रदान की है।

# सूरौठ को पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** सूरौठ क्षेत्र के शेरपुर को नवीन पंचायत समिति के रूप में सृजित किए जाने के प्रस्ताव पर एतराज जताते हुए सूरौठ के गणमान्य लोगो ने एसडीएम हेमराज गुर्जर को ज्ञापन दिया है। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष अंकित शर्मा, सूरौठ मंडल अध्यक्ष संदीप सोलंकी व सरपंच पिंकेश शर्मा ने बताया कि एसडीएम को ज्ञापन देकर शेरपुर को नवीन पंचायत समिति के रूप में सृजित करने के प्रस्ताव का विरोध जताया है। ज्ञापन में बताया सूरौठ ग्राम पंचायत जिले की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत है।साथ ही तहसील मुख्यालय भी है। इसके अलावा वर्तमान जनसख्या 25 हजार है, जबकि शेरपुर की जनसंख्या काफी कम है।ज्ञापन में सूरौठ को पंचायत समिति बनवाने की मांग के साथ ही तहसील मुख्यालय पर उपलब्ध जनसुविधाओं से भी अवगत कराया है। ज्ञापन देने के दौरान युवामोर्चा के जिला अध्यक्ष अंकितशर्मा, श्रीलालप्रजापत, रमाकांत, दशरथ, घनश्याम,किशनलाल, पूर्व सरपंच नथथू लाल सहित काफी लोग उपस्थित रहे ।

# पवन धीरावत अध्यक्ष एवं महेन्द्र मादावत सचिव बनें आदिनाथ युवा संस्थान के द्विवार्षिक चुनाव सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** आदिनाथ युवा संस्थान के द्विवार्षिक चुनाव संबंधी साधारण सभा की बैठक आज सेठ जी कुण्डाल स्थित द ब्ल्यू स्काई रिसोर्ट में सम्पन्न हुई। जिसमें पवन धीरावत को अध्यक्ष एवं महावीर मादावत को सचिव चुना गया।

संस्थान के मुख्य संरक्षक अशोक शाह ने बताया कि बैठक में निवर्तमान अध्यक्ष प्रशान्त दोशी के विगत दो वर्षो के दौरान किये गये उत्कृष्ट कार्यो की सभी ने सराहना की। इस अवसर पर दोशी ने नवीन कार्यकारिणी को कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम का संचालन नयना दोशी ने किया। साधारण सभा में संरक्षक महावीर सिंघवी,प्रवीण कोठारी,मदन देवड़ा,महावीर भाणावत,राजेन्द्र मुण्डलिया एवं रमेश शाह मौजूद थे। महिलाओं में प्रमुख रूप से ज्योत्सना शाह,वीणा वाणवत,ट्विकल पंचोली एवं प्रेमलता धीरावत ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। अन्त में निवर्तमान सचिव पवन धीरावत ने आभार ज्ञापित किया।

# कुंती कथा का प्रसंग सुनाया




बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव सारायण के नवनिर्मित ठाकुरजी मंदिर में चल रही भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथावाचक बाबूलाल शर्मा झारखंड वाले ने कुंती चरित्र की कथा का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि राजा परीक्षित को सात दिनों में मरने का श्राप लगने का कहकर घर पर छोड़कर वन में चले गए । सुखदेव जी महराज जब आए, राजा परीक्षित ने प्रश्न किया कि गुरुदेव 7 दिनों में मरने वाले व्यक्ति को क्या करना चाहिए । कथा के दौरान विदुर काका का प्रसंग भी सुनाया गया कि कैसे दुर्योधन के घर में मेवा को त्याग विदुर के घर में जाकर केले के छिलके को खाना पड़ा । पंडित बाबूलाल शास्त्री ने बताया कल भगवान श्री कृष्ण जी का जन्म उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा इस अवसर परजय सिंह राठौड़ , निराण नाथ सहू, बजरंग सिंह, दलीप सिंह, मनीराम जोशी, लूणाराम जोशी, मांगू सिंह, जयपाल सिंह, सत्यनारण योगी, मालचंद धुंधावत , सुरेन्द्र सिंह लीलूराम मेघवाल आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

# नेत्र चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर 13 अप्रैल को, शिविर के पोस्टर का विमोचन

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** मिश्री देवी आई हॉस्पिटल के तत्वाधान में एनजीओ एक कदम गाँव की ओर द्वारा आगामी 13 अप्रैल रविवार को प्रागपुरा कस्बे में मंगल्यावाली प्याऊ स्थित विराट इनोवेशन स्कूल में आंखों का अष्ठम विशाल निःशुल्क चिकित्सा एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन होगा। बुधवार को दा राजस्थान स्कूल के निदेशक एवं युवा उद्यमी मधुर यादव द्वारा शिविर के पोस्टर का विमोचन किया गया। शिविर प्रात: 09 से शाम 03 बजे तक आयोजित होगा। जिसमें निःशुल्क आंखों की जांच कर दवा का वितरण किया जायेगा। एनजीओ के अध्यक्ष सेवानिवृत्त तहसीलदार रामनिवास यादव ने बताया की शिविर में प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. विरेन्द्र यादव बहरोड़ अपनी सेवायें देगें। इस दौरान सेवानिवृत्त कोऑपरेटिव रजिस्ट्रार राजेंद्र प्रसाद, गिरधारी लाल गुरूजी, अमिलाल डाबड़, प्रकाश चंद कुजेता महेन्द्र शुक्लाबास, किरोड़ी लाल, सुरेश कुमार, मुरलीधर खोरवाल समेत अन्य मौजूद रहे।

# जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने दुर्घटना में गंभीर घायल एवं मृतकों के आश्रितों को सहायता राशि स्वीकृत की

बढ़ता राजस्थान

**टोंक,(का.स.)।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने अलग-अलग दुर्घटनाओं में मरने वाले दो लोगों के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से एक-एक लाख रुपये और एक गंभीर घायल व्यक्ति को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। जिला कलेक्टर ने बताया कि दुर्घटना में मृतक रतनलाल जाट पुत्र हीरालाल जाट निवासी ग्राम भांसू तहसील टोडारायसिंह, मृतका कांति देवी पत्नी बनवारी निवासी खटीकों का मोहल्ला गांधी पार्क तहसील टोंक के आश्रितों को मुख्यमंत्री सहायता कोष से दो लाख रुपये तथा दुर्घटना में गंभीर घायल लाखन गुर्जर पुत्र देवनारायण गुर्जर निवासी ग्राम हथौना तहसील टोंक को 20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की हैं।

# डॉ. अंबेडकर समाज सेवा समिति का गठन

बढ़ता राजस्थान

**साहवा (कृष्ण कुमार)।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव बनियाला में डॉ. अंबेडकर समाज सेवा समिति का गठन किया गया। मंगलवार शाम को हुई गाँव में आयोजित बैठक में सेवाराम मेघवाल को अध्यक्ष, सतपाल सचिव, वीरूराम कोषाध्यक्ष, मनीराम उपाध्यक्ष, अमरसिंह सरवा महासचिव बनाया गया । इसी प्रकार संगठन सचिव कृष्ण कुमार, मीडिया प्रभारी लीलाधर, प्रवक्ता कालूराम, भागीरथ सरवा को सयोंजक बनाया गया। बैठक की अध्यक्षता तिलोकाराम ने की। बैठक में गोपीराम ,मुकेश कुमार, देवीलाल, हंसराज ,मुंशीराम भागीरथ सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव : ऐतिहासिक शोभायात्रा का अद्भुत संगम

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** श्री सकल जैन संघ के तत्वावधान में इस वर्ष भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव को एक भव्य, ऐतिहासिक और आध्यात्मिक आयोजन के रूप में मनाया जा रहा है। मनोज बाबेल 'दोस्त' ने बताया कि 10 अप्रैल, रविवार को आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला धर्म आराधना, आस्था, संस्कृति और शांति के अद्वितीय संगम का प्रतीक बनेगी।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 6.00 से 7.00 बजे तक श्री ओसवाल पंचायती नोहरे में सामूहिक सामायिक – स्वाध्याय से होगी। इसके उपरांत प्रात: 8:00 बजे श्री शांतिनाथ जैन मंदिर से एक विशाल और भव्य शोभायात्रा का शुभारंभ होगा। कार्यक्रम का समापन प्रात: 11.30 बजे जैन जवाहर भवन में सकल जैन समाज के सामूहिक स्नेह भोज के साथ होगा।

**धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता का अद्वितीय मिलन :** शोभायात्रा का नेतृत्व संयोजक पीयूष रांका कर रहे हैं। यह शोभायात्रा जैन धर्म के मूल सिद्धांतों – अहिंसा, संयम और सत्य – को जीवंत रूप में प्रस्तुत करेगी। अहिंसा परमो धर्म के उद्घोष के साथ जुलूस एक धर्मयात्रा में परिवर्तित हो जाएगा।

**मुख्य आकर्षण :** नासिक की 21 सदस्यीय ढोल टोली – जोश और भक्ति से भरपूर तालबद्ध वादन, जो पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर करेगा।

**जोधपुर का प्रतिष्ठित डांस ग्रुप** – नवकार मंत्र और भगवान महावीर के जीवन प्रसंगों पर भावविभोर कर देने वाली प्रस्तुतियां।

**अहिंसा बाल रैली** – 500 से अधिक बच्चों की सहभागिता के साथ शांति और सदाचार का संदेश देता जुलूस।

**मनोरंजन और संस्कृति का संगम** – स्टिक मैन, बीरबल नृत्य (जिसमें एक नन्हा बालक भी प्रस्तुति देगा) और सेल्फी बूथ, जो युवाओं और बच्चों को विशेष आकर्षण प्रदान करेंगे।

**15 से अधिक झांकियां** – भगवान महावीर के जीवन दर्शन, पंच महाव्रत, संयम और तप की शिक्षाओं को सजीव करती विविध झांकियां।

**ध्वज, घोड़े और अलंकृत रथ** – धर्ममयी वातावरण का सृजन करते हुए नगर को अध्यात्ममय रंगों में रंग देंगे।

**समाज की भागीदारी और विशेष अपील :** इस आयोजन में समाज के सभी वर्गों – वृद्ध, युवा, महिलाएं और बच्चे – की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। यह आयोजन न केवल धार्मिक उत्सव होगा, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक संरक्षण और नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का माध्यम भी बनेगा।

श्री सकल जैन संघ ने समस्त स्वधर्मी बंधुओं से सपरिवार कार्यक्रमों में भाग लेने, पुरुषों से स्वेत वस्त्र और महिलाओं से चूंदड़ी परिधान में पधारने की विनती की है। साथ ही अपने प्रतिष्ठानों को आज बंद रखने की भी अपील की गई है।



## भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : फार्महाउस में चल रही ऑनलाइन सट्टेबाजी का भंडाफोड़, पांच आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खेलने वालों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस थाना सदर की टीम ने फार्महाउस में दबिश देकर ऑनलाइन सट्टा खेलते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से एक लैपटॉप, छह मोबाइल फोन, एक टॉयोटा फॉरच्यूनर कार, एक किया कंपनी की कार और 78,500 रुपये नकद बरामद किए गए। मुखबिर से मिली पुख्ता सूचना के आधार पर थानाधिकारी सदर कैलाश कुमार विश्नोई (पुलिस निरीक्षक) ने अपनी टीम के साथ कार्रवाई करते हुए रिजुल राठी निवासी भदादा मोहल्ला, बड़े मंदिर के पास, भीमगंज, भीलवाड़ा के सरहद दांथल स्थित एक लग्जरी फार्महाउस में दबिश दी। वहां पांच सटोरिए मुंबई इंडियन्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच चल रहे आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए पकड़े गए।

**गिरफ्तार आरोपियों के नाम हैं :** राधेश्याम पुत्र देवीलाल चौधरी (उम्र 40 वर्ष), निवासी जुनावास थाना भीमगंज, भीलवाड़ा। रिजुल राठी पुत्र घीसु राठी (उम्र 30 वर्ष), निवासी मदादा मोहल्ला, बड़े मंदिर के पास, भीमगंज, भीलवाड़ा। राधेश्याम पुत्र रामचंद्र बैरवा (उम्र 21 वर्ष), निवासी किशनगढ़ थाना कोटड़ी, हाल निवासी पंचायत भवन के पास, दांथल थाना सदर, भीलवाड़ा। राहुल पुत्र जगदीशचंद्र सुथार (उम्र 24 वर्ष), निवासी सांगानेरी गेट, तिलक नगर रोड, तिलकनगर थाना, भीमगंज, भीलवाड़ा। कैलाश पुत्र गिरधारी चौधरी (उम्र 35 वर्ष), निवासी जुनावास थाना भीमगंज, भीलवाड़ा।

मौके से पुलिस ने एक लैपटॉप, छह मोबाइल, ताश के पत्ते, 78,500 रुपये नकद, एक टॉयोटा फॉरच्यूनर और एक किया कार को जब्त किया। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध प्रकरण संख्या 87/2025 धारा 318(4), 61(2) बीएनएस, 66(ग), 66(घ) सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम तथा 3/4 आरपीजीओ के तहत मुकदमा दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया है।

**इस कार्रवाई में पुलिस टीम में शामिल थे** – कैलाश कुमार विश्नोई (थानाधिकारी, थाना सदर), जगदीशचंद्र (हैड कांस्टेबल), करणवीर सिंह, जयसिंह, रोहिताश्व जाट (सभी हैड कांस्टेबल), कमल किशोर, हेमराज, अखाराम, अमरपाल, महादेव, जितेन्द्र (सभी कांस्टेबल) और चालक हनुमानराम।

# जिला कलक्टर ने किया शहर में संचालित विकास कार्यों का निरीक्षण

## निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक लेकर दिए आवश्यक निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने बुधवार को बूंदी शहर में संचालित विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने खेल संकुल में मल्टीपरपज हॉल, शूटिंग रेंज, नवल सागर, सिलोर रोड़ क्षेत्र व चित्तौड़ रोड़ चौराहे पर सड़क मरम्मत, नगर परिषद के नवनिर्मित कम्यूनिटी हॉल, मीरांगेट, महावीर कॉलोनी, मजिस्ट्रेट कॉलोनी क्षेत्र में हो रहे जैतसागर नाला निर्माण के कार्य एवं जिला अस्पताल में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने खेल संकुल में निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि निर्माण सामग्री मंगवाकर मल्टीपरपज हॉल में सिंथेटिक ट्रेक का काम शुरू करवाया जाएं। उन्होंने सिलोर रोड़ क्षेत्र व चित्तौड़ रोड़ चौराहे पर सीवरेज डालने के बाद करवाए जा रहे सड़कों के पेच वर्क कार्य का निरीक्षण कर निर्देश दिए कि सड़क की मरम्मत का कार्य अच्छी तरह से हों। सड़क कहीं से भी ऊबड़ -खाबड़ नहीं हों और सड़क पर सीवरेज चेम्बर उभरे हुए नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएं। उन्होंने मीरां गेट, महावीर कॉलोनी, मजिस्ट्रेट कॉलोनी क्षेत्र में जैतसागर नाले के निर्माण की प्रगति की जानकारी लेकर निर्देश दिए कि कार्य को गति देने के लिए और अधिक टीमें लगाई जाए।

**निरीक्षण के बाद संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक :** विकास कार्यों के निरीक्षण के बाद जिला कलक्टर ने नगर परिषद्,आरयूआईडीपी, चिकित्सा विभाग एवं आरएसआरडीसी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। बैठक में जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि जिला चिकित्सालय में बनाए जा रहे भवन का कार्य शीघ्र पूरा करने के लिए श्रमिकों की संख्या बढाई जाएं। विगत निरीक्षण के दौरान दिए गए निर्देशों की पालना रिपोर्ट भिजवाई जावें।

उन्होंने आरएसआरडीसी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि नवल सागर में एंट्री पॉइंट को शीघ्र ठीक करवाया जावें। उन्होंने कहा कि संवेदक को कार्य के भुगतान से पहले कार्य की गुणवत्ता को अवश्य जांचा जाएं।

उन्होंने कहा कि सड़क मरम्मत का कार्य पूर्ण होने के बाद इनकी गुणवत्ता की जांच भी करवाई जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि सीवरेज कनेक्शन करने की गति को बढाया जावें। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को निर्देश दिए कि टाउन हॉल के कार्य में कोई प्रगति नहीं है, इसके लिए संबंधित संवेदक को नोटिस जारी किया जावें।

बैठक में नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड़, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रभाकर विजय,आरयूआईडीपी की अधिशाषी अभियंता सोनम शर्मा सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## विरोध-भाजपा नेता आहुजा के बयान की निंदा एवं आक्रोश

बढ़ता राजस्थान

**जजावर (पदम शाह)।** भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहुजा द्वारा विधनसभा मे प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली के एक मंदिर में दर्शन करने के बाद मंदिर की पवित्रता को लेकर दिए गए विवादित बयान की जजावर रेगर समाज ने कड़ी निंदा की है। आज यहां इस मामले को लेकर रेगर समाज ने समाज की बैठक मे आहुजा के विवादित बयान की कड़ी निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया एवं सीएम भजनलाल शर्मा से सामाजिक वातावरण दूषित करने वाले ऐसे नेता के विरुद्ध देशद्रोह का मुकदमा दर्ज करवाने की मांग की । राजस्थान प्रांतीय रेगर महासभा के जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल आलोरिया ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष एवं दलित नेता टीकाराम जुली ने अलवर के एक मंदिर मे पुजा अर्चना करने के बाद पुर्व भाजपा विधायक ज्ञानदेव आहूजा द्वारा उक्त मंदिर के शुद्धिकरण के नाम पर गगांजल छिडकने एवं दलितों के खिलाफ दिए गए आपत्तिजनक बयान से समूचे दलित वर्ग मे भारी आक्रोश है जिसका रैगर समाज पुर्व विधायक के बयान की कडे शब्दों मे निदां करता है साथ ही माननीय मुख्यमंत्री से एवं सरकार से अनुरोध है कि ऐसे नेता जो आजाद भारत में छुआछूत , ऊंच नींच, वर्ण भेद मे विश्वास करते है एवं अपनी राजनीति चमकाने के चक्कर मे अनर्गल बयानबाजी करके जातीय टकराव पैदा करने की कोशिश करके सरकार एवं पार्टी की छवि खराब करने की कोशिश करते है उन नेताओं को भारतीय संविधान मे विश्वास नही है ऐसे नेता के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज कर आजीवन चुनाव लडने पर रोक लगाई जानी चाहिए। आलोरिया ने कहा कि पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा के उक्त विवादित बयान से प्रदेश के समस्त दलित वर्ग मे आक्रोश है। इह मौके पर पुर्व सरपंच देवलाल रैगर, बाबुलाल वर्मा, हंसराज रैगर, सोजीलाल रैगर, हेमराज रैगर, महावीर रैगर, कन्हैया लाल रैगर, चोथमल वर्मा शांतीलाल रैगर, मुकेश रैगर, रामस्वरूप रैगर सहित कई समजबंधु उपस्थित रहे।

## विश्व शांति की भावना के साथ कपासन एवं भूपालसागर में सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं ने नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** नगर में स्थित ओसवाल पंचायत भवन में बुधवार को सकल जैन समाज के तत्वावधान में सामूहिक नवकार महामंत्र के जाप का आयोजन किया गया ।जिसमे करीब 600 से अधिक श्रावक- श्राविकाओ द्वारा डेढ़ घंटे तक सामूहिक नवकार मंत्र का जाप किया गया ।उक्त कार्यक्रम साध्वी विश्व वंदना, डॉ. परमेष्ठी वंदना के सानिध्य में आयोजित किया गया। श्रमण संघ अध्यक्ष कपासन सूर्यप्रकाश सिरोया ने बताया कि सकल जैन समाज कपासन द्वारा नवकार महामंत्र का जाप विश्व कल्याण एवं शांति हेतु किया गया ।इस अवसर पर मंत्री प्रकाश आंचलिया, रूपलाल डांगी,शंकरलाल लोढा,निर्मल सांवला,हेमंत सिरोया,महावीर युवा मंडल अध्यक्ष राहुल हिंगड़, अविनाश दुग्गड़,साधुमार्गी संघ अध्यक्ष अरुण चंडालिया,नंदलाल सिरोया, मदनलाल दुग्गड़,मंदिरमार्गी संघ अध्यक्ष जिनेंद्र डांगी,शांतिलाल सेठ,ज्ञानगच्छ संघ सतीश चंडालिया, अशोक सांखला,तेरापंथ के अजय सुराणा,शांतक्रांत संघ के सुगन बाधमार,पंकज सिरोया,चंदन महिला मंडल सदस्य प्रियंका दुग्गड़, सुनीता सांवला,अंगूर बाला सिरोया,अलका सिरोया सहित सकल जैन समाज के महिला,पुरुष युवा आदि श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे ।इस कार्यक्रम का समापन साध्वी मण्डल द्वारा प्रार्थना मंगल पाठ के साथ हुआ ।सभा के अंत में आभार अशोक चण्डालिया ने व्यक्त किया तथा सकल जैन समाज की ओर से प्रभावना का वितरण किया गया।

**नवकार महामंत्र जाप में सकल जैन समाज ने उत्साहपूर्वक भाग लिया :** इधर विश्व शांति की भावना के साथ जैन सामुदायिक भवन जाशमा में भव्य नवकार महामंत्र जाप कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।जिसमे सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं द्वारा प्रातः 8 से 9.36 तक सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप किया गया ।यहां विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर आयोजित आध्यात्मिक नवकार महामंत्र जाप कार्यक्रम में सकल जैन समाज जाशमा के पुरुष,महिला,बुजुर्ग एवं युवा वर्ग द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया गया ।इस मौके जैन समाज अध्यक्ष संपतलाल बोरडिया,रमेशचंद्र जैन,पवन कुमार सांखला,विजय कुमार सांखला,रखब सांखला, बाबूलाल जैन,अमरसिंह बोरडिया,सागरमल लोढ़ा, दिलीप कुमार जैन,शुभम कर्नावट,शुभम सांखला, अंशुल कर्णावत,आयुष जैन आदि श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहे।

साथ ही जैन इंटरनेशनल ट्रेडर्स ऑर्गेनाइजेशन के सदस्य दिलीप कुमार जैन ने बताया कि महात्मा गांधी इंग्लिश विद्यालय जाशमा में नवकार महामंत्र जाप का आयोजन किया गया ।जिसमे विद्यालय परिवार एवं अध्ययनरत विद्यार्थियो ने सामूहिक नवकार महामंत्र जाप किया तथा प्रधानाचार्य पारसमल तातेड़ द्वारा विद्यार्थियो में पेन वितरित किये गये।

### पेंशनर समाज कपासन ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

# प्रधानमंत्री मोदी से सी.सी.ए. पेंशनर नियम संशोधन विधेयक 2025 वापस लेने की मांग

बढ़ता राजस्थान



**कपासन (नि.स.)।** सी.सी.ए. पेंशनर नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग को लेकर क्षेत्रीय पेंशनर समाज द्वारा उपखंड अधिकारी को प्रधानमंत्री के नाम बुधवार को ज्ञापन सौंपा गया। पेंशनर समाज कपासन प्रवक्ता कमल कुमार दाधीच ने बताया कि भारत सरकार द्वारा लागू किये जा रहे सी.सी.ए. पेंशन संशोधन विधियेक 2025 मे पेंशनर समाज के हितों पर कुठाराघात हो रहा है ।जिसके तहत उक्त विधेयक वापस लेने की मांग को लेकर पेंशनर समाज कपासन संरक्षक रामचंद्र गौड़,उपाध्यक्ष प्रभुलाल टेलर,शंभुलाल भट्ट आदि पदाधिकारियों की अगुवाई में पेंशनर समाज द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन उपखंड अधिकारी कपासन राजेश सुवालका को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बताया कि भारत सरकार ने संसद की मंजूरी हेतु वित्त विधियेक पेश करते समय भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय हेतु केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियमो व सिद्धांतों की मान्यता के लिए एक अध्याय शामिल किया है ।इसके माध्यम से सरकार को पेंशन भोगियों के मध्य अंतर स्थापित करने का अधिकार मिल गया है ।उक्त विधेयक से केंद्र सरकार ने पेंशनर को आठवें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने तथा पेंशनर को तिथि के आधार पर वर्गो मे बांटकर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन किया है ।साथ ही डी.एस. नकारा मामले मे सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के एतिहासिक निर्णय को चुनौती दी है ।जिससे समस्त पेंशनर समाज मे आक्रोश व्याप्त है।

उक्त ज्ञापन के माध्यम से पेंशनर समाज कपासन द्वारा केंद्र सरकार से अनुरोध किया गया है कि पेंशनर समाज पर कुठाराघात करने वाले उक्त विधियेक को वापस लिया जाये। इस ज्ञापन प्रक्रिया दौरान लक्ष्मीलाल आचार्य, मदनलाल चाष्टा,प्रेमशंकर जोशी,वैद्य मुरली मनोहर जोशी,भगवतीलाल बापना,मदनलाल पायक आदि क्षेत्रीय पेंशनर उपस्थित रहे।

## महिलाओं के हित में नई पहल : निजी बसों में सीट आरक्षण की मांग पर विधायक अशोक कोठारी की तत्परता

### निजी बसों में सीट आरक्षण की मांग पर बोहरा दम्पति ने विधायक अशोक कोठारी से की मुलाकात

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** महिलाओं की सुरक्षित एवं सुविधाजनक यात्रा सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता डिम्पल एवं विश्व रिकॉर्ड धारक गजानंद बोहरा ने भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी से मुलाकात कर जिले में संचालित निजी बसों में महिलाओं हेतु सीट आरक्षित करवाने की मांग रखी।

इस पहल को विधायक ने सराहा और त्वरित संज्ञान लेते हुए जिला परिवहन अधिकारी से फोन पर बातचीत की। उन्होंने रोडवेज बसों की तर्ज पर निजी बसों में भी महिलाओं हेतु आरक्षित सीटों की व्यवस्था लागू करने के निर्देश देने की बात कही। ज्ञात हो कि डिम्पल के प्रयासों से पहले ही भीलवाड़ा से ब्यावर (वाया आसींद) मार्ग पर महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों की व्यवस्था भीलवाड़ा-ब्यावर बस एसोसिएशन द्वारा शुरू की जा चुकी है। अब इस व्यवस्था को पूरे जिले में लागू करने के लिए बोहरा दंपति ने संयुक्त रूप से विधायक कोठारी से निवेदन किया है। पत्र के माध्यम से उन्होंने उल्लेख किया कि प्रदेश व देश में सरकार द्वारा संचालित रोडवेज, मेट्रो एवं रेलवे में महिलाओं हेतु सीट आरक्षण की व्यवस्था पहले से ही है, किंतु भीलवाड़ा जिले में बड़ी संख्या में चल रही निजी बसों में अभी तक ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। हमारे आग्रह पर भीलवाड़ा-ब्यावर मार्ग पर यह व्यवस्था लागू हो चुकी है। आने वाले मातृ दिवस (11 मई) से पूर्व यदि यह व्यवस्था जिलेभर में लागू हो जाती है, तो यह क्षेत्र की महिलाओं के लिए एक सराहनीय तोहफा होगा। इससे खासतौर पर जरूरतमंद महिला यात्रियों, छात्राओं, गर्भवती महिलाओं, वृद्धजन एवं छोटे बच्चों के साथ सफर करने वाली माताओं को विशेष लाभ मिलेगा। बोहरा दंपति ने विश्वास जताया कि विधायक कोठारी इस जनहित के विषय पर शीघ्र ही ठोस निर्णय लेकर इसे धरातल पर साकार रूप देंगे।

## भगवान महावीर जयंती आज, नैनवां में निकाली जायेगी श्री जी की भव्य शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां (टी.आर सैनी)।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक के अवसर पर चल रहे 5 दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत धर्म प्रभावना बालिका मंडल द्वारा शानदार भगवान महावीर के जन्म पर आधारित नाटिका का आयोजन अग्रवाल बड़ा मंदिर जी मे हुआ। जिसमे समाज के समस्त लोग मौजूद रहे। भगवान महावीर के जन्म कल्याणक के दिवस पर 10 अप्रेल को प्रातः 5 बजे प्रभात फेरी उसके पश्चात 8 बजे से कोटिया मंदिर से श्री जी की शोभा यात्रा प्रारम्भ होंगी। जिसकी समस्त बोलिया भी वही लगाई जायगी.। श्री जी की शोभायात्रा कोटिया से मंदिर से रवाना हो कर पाण्डुक शीला पहुंचेगी जहा श्री जी के अभिषेक मण्डल विधान व शायकालीन अभिषेक पश्चात रथ यात्रा वापस कोटिया जी मंदिर जहाँ आरती व कार्यक्रम का समापन होगा. समाज के समस्त प्रतिष्ठान पूर्णतया बंद रहेंगे।

## बूंदी में हुआ टॉपगन शूटिंग अकेडमी की नई शाखा का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** देशभर में निशानेबाजी खेल की बढ़ती लोकप्रियता और युवाओं की गहरी रूचि को देखते हुए टॉपगन शूटिंग अकेडमी ने राजस्थान के बूंदी जिले में अपनी नई शाखा का शुभारंभ किया है। अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज शिमोन शरीफ जिन्होंने शूटिंग वर्ल्ड कप सहित कई अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

## ईको वैन की टक्कर से ई-रिक्शा पलटा, पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रिंसिपल की मौत

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** भीलवाड़ा में बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रिंसिपल की जान चली गई। हादसा तिलक नगर स्थित सिद्धि विनायक रोड पर करीब साढ़े 10 बजे हुआ, जब प्रिंसिपल शालू गोयल अपने सहकर्मी शिक्षक अशोक पालीवाल के साथ ई-रिक्शा से कॉलेज जा रही थीं। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ईको वैन ने उनके ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ई-रिक्शा पलट गया, जिससे शालू गोयल नीचे दब गईं और उनके सिर में गंभीर चोट आई। वहीं, अशोक पालीवाल दूर जाकर गिरे और घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तुरंत दोनों घायलों को एक प्राइवेट वाहन से महात्मा गांधी जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने शालू गोयल को मृत घोषित कर दिया। अशोक पालीवाल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने बताया कि शालू गोयल मूल रूप से अजमेर की रहने वाली थीं और वर्तमान में भीलवाड़ा के तिलक नगर में निवास कर रही थीं। उनकी उम्र 45 वर्ष थी और वे आरजी गोयल की पुत्री थीं। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ईको वैन को जब्त कर लिया गया, हालांकि वैन चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शालू गोयल के पति विशाल श्रीवास्तव अजमेर में व्यवसायी हैं। हादसे की खबर मिलते ही वे अपने परिवार सहित दोपहर को अस्पताल पहुंचे। कागजी कार्यवाही पूरी करने के बाद शालू गोयल के पार्थिव शरीर को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया, जिसे वे अपने साथ अजमेर स्थित पैतृक निवास लेकर रवाना हो गए।

## भाजपा सेवा सप्ताह के तहत किया वरिष्ठजनो का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**नैनवां (टी.आर सैनी)।** भाजपा स्थापना सेवा सप्ताह के तहत पालिका परिसर में शहर के वरिष्ठ जनो का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अनिल रंगीला ने बताया कि वरिष्ठ जनों का तिलक लगाकर, माल्यार्पण कर, केसरिया दुपट्टा धरण करवा कर, श्रीफल हाथ में भेंट कर, सम्मान किया गया। कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष गोपीलाल सैनी, पुखराज ओसवाल पूर्व मंडल अध्यक्ष जय सिंह आसावत ने अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान भाजपा जिला कोषाध्यक्ष महेंद्र नागर ,पार्षद रामबाबू वर्मा, कपिल जैन, पूर्व पार्षद कृष्ण मुरारी तिवारी, कार्यक्रम के सहसंयोजक महेंद्र जैन बरमुंडा, भाजपा कार्यकर्ता आविनाश सोनी, कमल सैनी, दीपक सैनी, अरविंद शर्मा, गणेश दत्त बैरागी, बबलू साहू, प्रेमराज मीना, आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में पालिका चैयरमैन सरिता नागर द्वारा महापुरूषो के चित्र पर माल्यर्पण किया गया।

**बंबूली में मनाया ग्रांमीण मंडल ने स्थापना सेवा सप्ताह**– भाजपा स्थापना के सेवा सप्ताह के तहत बुधवार को ग्रांमीण मंडल की ओर से बंबूली में सेवा सप्ताह मनाया गया। कार्यकर्ताओ ने घोटेश्वर महादेव मंदिर तालाब की पाल एंव प्रांगण की सफाई की गई। वरिष्ठ जनों को दुपट्टा पहनाकर सम्मान किया गया। गायो को हरा चारा डाला गया। संयोजक एडवोकेट महेंद्र सेन ने बताया कि कई वरिष्ठजनो को सम्मान किया गया।

# राजसमंद जिले में ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन बनेगी दो पंचायत समिति एवं 75 ग्राम पंचायते

- 6 मई तक दर्ज करा सकेंगे आपत्तियां, 75 नई ग्राम पंचायतें व दो नई पंचायत समितियों का होगा गठन
- पुनर्गठन, नवसृजन और पुनर्सीमांकन के बाद कुल 10 पंचायत समितियां एवं 281 बनेगी ग्राम पंचायतें

### सर्वाधिक भीम में तो सबसे कम खमनोर-देलवाड़ा में बनी पंचायतें

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजस्थान सरकार द्वारा पंचायतीराज व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए राजसमंद जिले की ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन, नवसृजन और पुनर्सीमांकन किया गया है। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने इस संबंध में अंतिम सूची जारी कर दी है। यदि किसी गांव, ढाणी या ग्राम पंचायत के निवासियों को इस पुनर्गठन से संबंधित कोई आपत्ति है, तो वे आगामी 6 मई 2025 तक अपनी आपत्तियां संबंधित तहसील कार्यालय, उपखंड कार्यालय या जिला कलक्टर कार्यालय में दर्ज करा सकते हैं। राजस्थान पंचायती राज अधिनियम के प्रावधानों के तहत यह पुनर्गठन प्रक्रिया संपन्न की गई है। इसके अंतर्गत जिले में 75 नई ग्राम पंचायतों और दो नई पंचायत समितियों का गठन किया गया है। इस बदलाव के साथ ही अब राजसमंद जिले में पंचायत समितियों की संख्या 8 से बढ़कर 10 हो जाएगी, जबकि ग्राम पंचायतों की संख्या 206 से बढ़कर 281 हो जाएगी। पुनर्गठन के तहत गढ़बोर-चारभुजा को एक नई पंचायत समिति के रूप में स्थापित किया गया है, जिसमें आमेट और कुंभलगढ़ की कुछ पंचायतों को पुनर्गठित करके शामिल किया गया है। इसी प्रकार राजसमंद और रेलमगरा की ग्राम पंचायतों का पुनर्गठन कर कुरज को एक नई पंचायत समिति बनाया गया है। नई ग्राम पंचायतों के गठन की बात करें तो, भीम पंचायत समिति में सर्वाधिक 13 नई ग्राम पंचायतें बनाई गई हैं। इसके बाद आमेट में 12, राजसमंद और रेलमगरा में 11-11, देवगढ़ में 6, तथा खमनोर और देलवाड़ा में 5-5 नई ग्राम पंचायतें शामिल हैं। इस नई संरचना के लागू होने से जिले में अब आठ की जगह 10 प्रधान और 206 की जगह 281 सरपंच होंगे। इस पुनर्गठन से जिले के 75 नए लोगों को सरपंच और दो नए व्यक्तियों को प्रधान बनने का अवसर प्राप्त होगा।

**ग्रामवासी 6 मई तक दे सकेंगे आपत्तियां :** पुनर्गठित राजसमंद पंचायत समिति में अब 40 ग्राम पंचायतें, पुनर्गठित रेलमगरा पंचायत समिति में 21, नवसृजित कुरज पंचायत समिति में 23 ग्राम पंचायतें शामिल होंगी। इसी प्रकार पुनर्गठित कुंभलगढ़ पंचायत समिति में 28, नवगठित गढ़बोर पंचायत समिति में 25 और आमेट पंचायत समिति में 30 ग्राम पंचायतें शामिल की गई हैं। जिला प्रशासन ने सभी संबंधित ग्रामवासियों से अपील की है कि यदि उन्हें पुनर्गठन संबंधी कोई आपत्ति है तो वे निर्धारित तिथि 6 मई 2025 तक अपनी आपत्तियां अवश्य दर्ज कराएं ताकि उनका नियमानुसार समाधान किया जा सके। यह पुनर्गठन जिले में पंचायतीराज व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**कुंभलगढ़ में गढ़बोर-चारभुजा बनेगी पंचायत समिति :** जिले में दो पंचायत समिति का पुर्नगठन करके नवीन पंचायत समिति गढ़बोर चारभुजा सृजन किया। जिसमें आमेट व कुंभलगढ़ को पुनर्गठित करके गढ़बोर चारभुजा को नवसृजित पंचायत समिति बनाया। गढ़बोर चारभुजा में गढ़बोर, रिछेड़, थुरावड़, सुखार, अंटालिया, टाड़ावाड़ा गुजरान, झीलवाड़ा, मानावतों का गुढ़ा, सेवंत्री, साथिया, धानिन, खरनोटा, लाम्बोड़ी, जनावद, उसरवास, गजपुर, बीकावास, बाणिया टुकड़ा, जाम्बू तालाब, डूंगरजी का गुढ़ा, बासा, नाथेला, सोनियागा, थोरिया, देवड़ों का गुढ़ा को शामिल किया गया।

**यहां शुरू हो गए विरोध के स्वर :** कान्हादेव का गुढ़ा ग्राम पंचायत को दोवड़ में शिफ्ट करने की योजना थी, लेकिन इस बार पुर्नगठन में कान्हा देव का गुड़ा को काढा का तालाब में शिफ्ट कर दिया। जिसका भी ग्रामीणों ने विरोध किया। इसके साथ ही कुंवारिया को पंचायत समिति नहीं बनाने पर 17 ग्राम पंचायत के सरपंचों ने बैठक कर विरोध जताया।



# शाहपुरा विधानसभा में प्रभारी कामिनी गुर्जर का दो दिवसीय दौरा

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** जिले के सागरिया में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह टोडासरा के निर्देशन में शाहपुरा विधानसभा प्रभारी कामिनी गुर्जर का दो दिवसीय दौरा रहा।शाहपुरा विधान सभा के 7 मंडलों की मीटिंग का आयोजन बुधवार को सांगरिया मंडल में हुआ । शाहपुरा - बनेडा विधानसभा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शाहपुरा मंडल कार्यकर्ता की मिटिंग का आयोजन कुमावत समाज नोहरा सांगरिया में बुधवार को आयोजित हुई। प्रभारी गुर्जर ने पंचायतों में अधिक से अधिक कांग्रेस पार्टी के सरपंच बनाने के पार्टी से एक ही उम्मीदवार को प्रत्याशी के रूप में मैदान उतारने की बात कहीं।पूर्व प्रधान प्रतिनिधि नीरज गुर्जर व विधानसभा प्रत्याशी नरेंद्र रेगर ने सभा को संबोधित करते हुए बताया कि पार्टी को मजबूत बनाने के लिए जमीन से जुड़े हुए व्यक्ति को साथ लेकर चलना है। साथ ही बताया पार्टी के किसी भी कार्यकर्ता को कोई समस्या हा तो उसका जल्दी-जल्दी समाधान किया जाएगा।इस दौरान प्रभारी कामीनी गुर्जर, नीरज गुर्जर, महिला जिलाध्यक्ष रेखा हिरण, शाहपुरा बनेड़ा विधायक प्रत्याशी नरेंद्र रेगर, रामेश्वर सोलंकी, पूर्व सरपंच हीरा लाल कुमावत सांगरिया, प्रशासक प्रत्याशी बलवंत सिंह खामोर, कालू गुर्जर, पूर्व सरपंच किशनलाल गोदारा फुलिया कला, पूर्व सरपंच मुकेश बलाई फुलिया कलां, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अक्षय गुर्जर,अर्जुन फुवाल सांगरिया, शिवराज माली धनोप जेपी जाट, शिवराज आचार्य, मनीष नायक, महावीर तलाईचा, बुद्धि प्रकाश शर्मा, नोरतमल खटीक, ब्लॉक अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष व समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधि गण मौजूद रहे।

# नवकार महामंत्र सामूहिक जाप का भव्य आयोजन, 2000 से अधिक श्रद्धालुओं की मौजूदगी में गूंजा जवाहर भवन

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जवाहर भवन ब्यावर में बुधवार सुबह का दृश्य अत्यंत आध्यात्मिक और भव्य रहा, जब जैन समाज के हजारों श्रद्धालु नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप हेतु एकत्र हुए। प्रात: 7-30 बजे से ही जवाहर भवन में श्रद्धालुओं का आना शुरू हो गया था और पूरा हॉल श्रद्धा व भक्ति से गूंज उठा।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रोजेक्ट कन्वीनर बीना नाहर द्वारा सभी अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात ठीक 8.15 बजे से नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप आरंभ किया गया। जीतो ब्यावर चैप्टर द्वारा आयोजित इस आध्यात्मिक आयोजन में चेयरमैन रतन कोठारी, चीफ सेक्रेटरी सुभाष ओस्तवाल सहित



अन्य प्रमुख कार्यकर्ताओं ने व्यवस्थाओं को भलीभांति संभाला।

जाप के बाद जीतो के अपेक्स अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी ने विज्ञान भवन, दिल्ली से अपना संदेश दिया। इसके पश्चात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगवान महावीर स्वामी के 2550वें महावीर कल्याण दिवस और नव पद की महिमा पर अपना संदेश देशभर में प्रसारित किया, जो उपस्थित श्रद्धालुओं ने एकाग्रता से सुना।करीब 2000 से अधिक महिला-पुरुषों ने इस आयोजन में भाग लिया। प्रवेश के समय माला की प्रभावना एवं अल्पाहार, जबकि विदाई पर मिश्री-केसर की प्रभावना वितरित की गई। कार्यक्रम में ब्यावर विधायक श्री शंकर सिंह रावत, भामाशाह श्री सुनील खेतपालीया, सकल जैन समाज सहित अन्य समाजों के पदाधिकारी सपरिवार उपस्थित रहे, जिससे कार्यक्रम ने सामाजिक एकता का परिचय भी दिया।

**कार्यक्रम में जीतो ब्यावर चैप्टर की पूरी टीम सक्रिय रही** - चेयरमैन रतन प्रकाश कोठारी, चीफ सेक्रेटरी सुभाष ओसवाल, ट्रेजरार निर्मल खींवसरा, सेक्रेटरी प्रवीण मुथा, जॉन सेक्रेटरी यशवंत रांका, वाइस प्रेसिडेंट सुमन जैन, कन्वीनर बीना नाहर, बोर्ड मेंबर मनीष मेहता, लेडीज चेयरपर्सन रेणु छाजेड़, यूथ चेयरपर्सन सिद्धार्थ श्रीश्रीमाल, सहकन्वीनर पियूष रांका तथा बीजेपी से दिलीप भंडारी और विकास डेडिया ने अपनी उपस्थिति से आयोजन को गौरव प्रदान किया।यह आयोजन न केवल जैन समाज के लिए गौरव का क्षण रहा, बल्कि समाज की एकजुटता और आध्यात्मिक चेतना का जीवंत प्रमाण भी बना।

# बाबासाहेब की 14 अप्रैल अंबेडकर जयंती मनाने को लेकर नगर पालिका आयुक्त, पुलिस उपअधीक्षक को पत्र पेश किया



बढ़ता राजस्थान

**निंबाहेड़ा ( नि.स. )।** संविधान निर्माता विश्व रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 14 अप्रैल को निंबाहेड़ा में हर वर्ष की भ्राति इस वर्ष भी बडे ही हर्षोल्लाह पूर्वक धूमधाम से जयंती मनाने को लेकर कौशल कुमार खठूमरा आयुक्त नगर पालिका निंबाहेड़ा, राम सुमेर मीणा थाना अधिकारी निंबाहेड़ा के नाम लिखिल पत्र पुलिस उपअधीक्षक बी एल राव को अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक समन्वय परिषद की ओर से पदाधिकारीयो,आदि द्वारा पत्र पेश किया । एक पत्र विकास पंचोली नगर पालिका प्रशासक उपखंड अधिकारी निंबाहेड़ा को भी पेश किया। रैली 14 अप्रैल को प्रात: 9.00 बजे स्टेशन रोड स्थित अनुसूचित जाति जनजाति कार्यालय निंबाहेड़ा से शुरू होगी जिसमें मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता जगदीश प्रसाद मीणा, प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद नई दिल्ली राजस्थान होंगे।

रैली में राष्ट्रीय अनुसूचित जाति जनजाति विकास परिषद, राष्ट्रीय सर्व मेघवंशी महासभा ,(इंडिया), अखिल अनुसूचित जाति समन्वयक परिषद, राजस्थान मेघवाल समाज सुधार सोसाइटी (रजिस्टर्ड), एवं अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक समन्वयक परिषद के पदाधिकारी सदस्य गण महिला पुरुष युवक यूवतीया सामूहिक रूप से साथ रहेंगे। रैली स्टेशन रोड कार्यालय से चलकर अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस( नगर पालिका निंबाहेड़ा) द्वारा आयोजित रैली एवं शोभायात्रा में शरीक हो जाएगी एवं सामूहिक रूप से साथ साथ चलेगी! रेलवे स्टेशन चौराहे से होते हुए सब्जी मंडी चौराहा मोती बाजार चितौड़ी दरवाजा कैची चौराहा होते हुए मंडी चौराहा होकर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बस स्टैंड पर पहुंचेगी जहां पर बाबा साहब की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण का नमन कर आयोजित सभा स्थल पर पहुंचेगी, सभा स्थल पर मुख्य अतिथियों वक्ताओं द्वारा बाबा साहब की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर फूलमाला पहना नमन कर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी । अतिथियों का सम्मान किया जाएगा।

स्वागत उद्बोधन के पश्चात मुख्य वक्ताओं एवं अतिथियों द्वारा रैली एवं आयोजन को संबोधित किया जाएगा, जिसमें मुख्य रूप से संविधान निर्माता विश्व रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बारे में विशेष जानकारी जीवनी पर प्रकाश डाला जाएगा।

# नाबालिग का अपहरण करने वाले 5 आरोपी गिरफ्तार

## घटना में प्रयुक्त वरना कार, बोलेरो पिकअप व शिफ्ट डिजायर कार जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** निवाई थाना पुलिस ने नाबालिग का अपहरण करने वाले पांचों नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि नाबालिग पीड़िता के पिता ने 3 अप्रेल को 5 नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया था कि 2 अप्रेल की रात करीब 8 बजे उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपी उठाकर ले गए थे और 3 घंटे बाद वापस छोड गए थे। उन्होंने बताया कि प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेन्द्रसिंह भाटी के निर्देशन में डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निकट सुपर विजन में थानाधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया। टीम में कानि आशाराम, राजेश, मुकेश व विनोद को शामिल किया। टीम ने आरोपियों के संदिग्ध ठिकानों पर कई जगह दबिश दी। लेकिन आरोपी लगातार जगह बदल रहे थे। मंगलवार की रात मुखबीर ने सूचना दी कि आरोपी बिलाल कुरेशी, इरफान, मेराज व सराज उर्फ सिराज कुरेशी शिवाजी पार्क के समीप खडे है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और मौके से घटना में प्रयुक्त वाहन वरना कार, बोलेरो पिकअप व शिफ्ट डिजायर कार को जब्त कर लिया। थानाधिकारी बैरवा ने बताया कि इसी प्रकार एक अन्य मामले में एक नाबालिग से दुष्कर्म जैसा अपराध करने के मामले में आरोपी का सहयोग करने वाले आरोपी विकास पुत्र हनुमान मीणा निवासी तलाई वाली ढाणी भगवतपुरा थाना दतवास को निवाई स्थित झिलाय पुलिया से डिटेन कर गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी लोकेशकुमार उर्फ आर्यन पुत्र जयसिंह मीणा निवासी पिरोदा जिला सवाईमाधेपुर को गिरफ्तार कर पोक्सो कोर्ट में पेश किया जिसको जेल भेज दिया गया।



# सामुदायिक भवन प्रथम एवं द्वितीय का लोकार्पण कल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** नगर पालिका के तत्वावधान में 11 अप्रैल को सामुदायिक भवन प्रथम एवं द्वितीय का भव्य लोकार्पण किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलोनी में स्थित सामुदायिक भवन प्रथम एवं द्वितीय का 11 अप्रैल को सुबह 11 बजे समारोह पूर्वक लोकार्पण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समारोह में मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री



कन्हैयालाल चौधरी, नगरीय विकास स्वायत्ता शासन मंत्री झाबरसिंह खर्रा एवं विधायक रामसहाय वर्मा होंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में कई जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं अधिकारी शामिल होंगे।

# तालाब में डूबने से दो मासूमों की मौत, गांव में छाया मातम

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** ब्यावर जिले के मसूदा थाना क्षेत्र से एक दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। ग्राम जामोला में तालाब में डूबने से दो नाबालिग बच्चों की मौत हो गई। इससे पहले दोनों बालक के परिजनों ने मसूदा थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। मसूदा के थानाधिकारी गणपतलाल द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक दोनों बच्चे मंगलवार दोपहर चार बजे से लापता थे। परिजनों ने उन्हें ढूंढने की काफी कोशिश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह जब ग्रामीण तालाब के पास पहुंचे तो उन्होंने बच्चों के शव पानी में तैरते देखे। इस हृदयविदारक दृश्य को देख गांव में हड़कंप मच गया और मातम पसर गया। घटना की जानकारी



मिलते ही मसूदा थाना पुलिस और ग्राम सरपंच मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से दोनों शवों को तालाब से बाहर निकाला गया। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए मसूदा मोर्चरी भेजा गया जहां पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने बताया कि मृतक चन्द्रप्रकाश पुत्र भगवती प्रसाद दमामी ( 15), दूसरा सुमित पुत्र राजुसिंह रावणा राजपूत ( 11) है। यह दोनो जामोला के रहने वाले बताये गये। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। बच्चों की मौत से गांव में शोक की लहर है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### अजमेर जिले के भिनाय उपखंड मुख्यालय पर जिला कलेक्टर लोकबंधु ने वीसी भवन की जनसुनवाई

# आमजनों की समस्याओं का तत्परता से समाधान कर राहत प्रदान करें, जिला कलेक्टर लोक बंधु

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** जिला कलेक्टर लोक बंधु ने कहा कि आमजनों की समस्याओं का तत्परता से समाधान कर आमजन राहत प्रदान करें। जिला कलेक्टर श्री लोकबंधु आज स्थानीय पंचायत समिति परिसर स्थित सभागार मय वीसी कक्ष में आयोजित अटल जन सेवा शिविर के दौरान आमजनों से प्राप्त परिवादों पर जनसुनवाई करते हुए उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों व ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को सम्बोधित कर रहे थे। आयोजित उपखंड स्तरीय जनसुनवाई में जिला कलेक्टर




महोदय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा जन समस्याओं के समाधान कर आमजनों को तत्परता से राहत देने के पवित्र उद्देश्य व मंशा के अनुरूप अधिकारी गण अपने पद की गरिमा व दायित्व निर्वहन कर्तव्यनिष्ठा , कर्मठता व ईमानदारी से करें। आज यहां आयोजित शिविर में भिनाय कस्बे सहित क्षेत्र से आमजनों द्वारा जनसुनवाई के दौरान प्रस्तुत कुल 72 परिवादों में क्रमश: राजस्व विभाग के 21, पंचायती राज के 19 , जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के 10 , सार्वजनिक निर्माण विभाग के 11, विघुत विभाग के 07, रसद विभाग का 01 ओर 03 अन्य परिवाद शामिल हैं। शिविर में जनसुनवाई के दौरान विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों सहित भिनाय उपखंड अधिकारी सुनील कुमार झिंगोनिया, तहसीलदार श्री मती नीलम राठौड़, विकास अधिकारी अर्जुन सिंह शेखावत,जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के सहायक अभियंता सागर शर्मा,विघुत विभाग डिस्काम के सहायक अभियंता एम एन मंसूरी सहित ब्लाक स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहें।

# भगवान परशुराम की मूर्ति का अनावरण करने की मांग, ब्राह्मण समाज के लोगों ने नगर पालिका आयुक्त को दिया अल्टीमेटम,

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले के नाथद्वारा में भगवान विष्णु के छठे अवतार परशुरामजी की प्रतिमा को पिछले डेढ़ साल से त्रिपाल से ढककर रखा गया है। जिसे लेकर ब्राह्मण समाज में जोरदार आक्रोश है। जनवरी 2024 से तैयार परशुरामजी की प्रतिमा व वाटिका को अनावरण का इंतेजार है। लेकिन क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि को लोकार्पण का समय नही मिल पा रहा है।आज हिंदूवादी संगठन, ब्राह्मण समाज व नगर कांग्रेस की ओर से फिर एक बार मांग करते हुए आयुक्त को ज्ञापन दिया ओर मांग की है कि कम से कम इस अक्षय तृतीया पर भगवान को त्रिपाल से बाहर निकला जाए । कांग्रेस नगर अध्यक्ष दिनेश एम जोशी ने इसे भगवान परशुराम और ब्राह्मण समाज का अपमान बताते हुए इस परशुराम जयंती पर इसके अनावरण नही किए जाने पर खुद से इसकी पूजाकर अनावरण करने की चेतावनी दी है।उन्होंने बताया कि पूर्व विधानसभाध्यक्ष ने इसके लिए एक करोड़ पिच्यासी लाख रुपए की स्वीकृति करवाई थी और कार्य पूर्ण करवाया था।लेकिन वर्तमान जनप्रतिनिधियों को अनावरण का भी समय नही मिल पा रहा है । यदि समय रहते नगर पालिका प्रशासन इसका अनावरण नहीं करता तो अक्षय तृतीया पर ब्राह्मण समाज आंदोलन करने के लिए मजबूर होगा।

# ऐतिहासिक कहानियों से घिरा चित्तौड़गढ़

## पर्यटकों के लिए घूमने कि बेहतरीन जगह चित्तौड़गढ़

राजस्थान में मौजूद चित्तौड़गढ़ गौरवशाली शहर अपनी समृद्ध संस्कृति और विरासत के लिए मशहूर है। एक समय चित्तौड़गढ़ मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश की राजधानी हुआ करती थी, जो कि अपने महान सम्राट को समेटे हुए है। अगर आप इतिहास प्रेमी हैं और अगर भी कुछ इसी तरह की जगहें बेहद आकर्षित करती हैं, तो चित्तौड़गढ़ घूमने के लिए बेस्ट जगह है।





### चित्तौड़गढ़ में चित्तौड़गढ़ किला

चित्तौड़गढ़ किला चित्तौड़गढ़ में घूमने के लिए सबसे महत्वपूर्ण स्थानों में से एक है। पहाड़ी की चोटी पर भव्य रूप से स्थित, यह ऐतिहासिक किला राजस्थानी शहर का गौरव है। चित्तौड़गढ़ किला एक विशाल संरचना है जिसे पहली बार 7 वीं शताब्दी में बनाया गया था और यह लगभग 700 एकड़ के क्षेत्र में फैला हुआ है। चित्तौड़गढ़ के लगभग सभी आकर्षण किले के अंदर स्थित हैं। किला, जिसे वाटर फोर्ट के नाम से भी जाना जाता है, इसके मैदान के अंदर 84 जल निकाय हैं, जिनमें से 22 आज भी मौजूद हैं। विजय स्तम्भ, कीर्ति स्तम्भ, राणा कुंभ पैलेस, मीरा मंदिर और अन्य कई संरचनाएं भी किले के अंदर स्थित हैं।

### चित्तौड़गढ़ में सांवरियाजी मंदिर

सांवरियाजी मंदिर चित्तौड़गढ़ में घूमने के लिए सबसे प्रसिद्ध स्थानों में से एक है। मंदिर भगवान् कृष्ण को समर्पित एक प्रमुख मंदिर है जो राजस्थान के मंडफिया में स्थित है। मंडफिया चित्तौड़गढ़ से लगभग 40 किलोमीटर की दूरी पर स्थित। यह मंदिर कुछ पवित्र घंटे बिताने के लिए एक सुंदर जगह है। मंदिर चित्तौड़गढ़-उदयपुर हाइवे पर पड़ने की वजह से पर्यटकों और श्रद्धालुओं के बीच बेहद लोकप्रिय है।






### चित्तौड़गढ़ में विजय स्तम्भ

विजय स्तम्भ, जिसे विजय मीनार के रूप में भी जाना जाता है, चित्तौड़गढ़ के प्रतिरोध का एक टुकड़ा है। मोहम्मद खिलजी पर अपनी जीत के उपलक्ष्य में महाराणा कुंभा द्वारा 1440 ईस्वी में निर्मित, यह 9 मंजिला टॉवर चारों ओर हिंदू देवताओं की मूर्तियों से सुशोभित है। शक्तिशाली टॉवर का निर्माण 1458 और 1488 की अवधि के बीच किया गया था और यह इतना लंबा और विशाल है कि इसे आप शहर के किसी भी हिस्से से देख सकते हैं। टावर के आंतरिक भाग में उस काल के हथियारों, संगीत वाद्ययंत्रों और अन्य उपकरणों की नक्काशी की गई है। सबसे ऊंची मंजिल में जैन देवी, पद्मावती की एक छवि है। साथ ही, अल्लाह शब्द को तीसरी मंजिल पर नौ बार और आठवीं मंजिल पर आठ बार, अरबी भाषा में उकेरा गया है।

### चित्तौड़गढ़ में राणा कुंभा का महल

चित्तौड़गढ़ किले में घूमने के लिए राणा कुंभा पैलेस सबसे दिलचस्प जगहों में से एक है। महल की बर्बाद हुई इमारत को देखकर कोई भी पर्यटक अंदाजा लगा सकता है कि ये महल उस समय कितना अद्भुत और विशाल हुआ करता था। राणा कुंभा पैलेस चित्तौड़गढ़ किले का सबसे बड़ा स्मारक है और इसके साथ एक भव्य इतिहास जुड़ा हुआ है। यह बप्पा रावल, महाराणा कुंभा, रानी पद्मानी, राजकुमारी मीरा बाई, राणा कुंभा जैसे लोगों का निवास स्थान रहा है। इस महल के कालकोठरी को वह स्थान भी माना जाता है जहाँ रानी पद्मानी और महल की अन्य महिलाओं ने जौहर किया था। पास में स्थित भगवान शिव का मंदिर और इसके परिसर में लाइट एंड साउंड शो इसे एक अविस्मरणीय अनुभव बनाता है।



### चित्तौड़गढ़ में कीर्ति स्तम्भ

कीर्ति स्तम्भ चित्तौड़गढ़ के सुंदर पर्यटक आकर्षणों में से एक है। विशाल चित्तौड़गढ़ किले के अंदर स्थित, यह 12 वीं शताब्दी का टॉवर प्रथम जैन तीर्थंकर आदिनाथजी के स्मारक के रूप में खड़ा है। 22 मीटर ऊंचे टॉवर का निर्माण जैन व्यापारी जीजा भागरवाला ने रावल कुमार सिंह के शासन के दौरान जैन धर्म का महिमामंडन करने के लिए किया था। टावर में जैन पंथ के फिगर्स मौजूद हैं, और इसलिए, कीर्ति स्तंभ को कई जैन धर्म के अनुयायियों द्वारा एक प्रमुख जैन तीर्थ माना जाता है। कीर्ति स्तम्भ को टावर ऑफ फेम के नाम से भी जाना जाता है। यह प्रथम तीर्थंकर ऋषभ को समर्पित है। दिगंबर संप्रदाय की अपनी जटिल नक्काशी के लिए प्रसिद्ध, इस सात मंजिला ऊंचे टॉवर में श्री आदिनाथ की अद्भुत मूर्तियाँ हैं।

### चित्तौड़गढ़ में शतीस देओरी मंदिर

चित्तौड़गढ़ किले के अंदर स्थित, फतेह प्रकाश पैलेस के करीब, यह मंदिर चित्तौड़गढ़ किले में घूमने के लिए सबसे अच्छे पवित्र स्थानों में से एक है। मंदिर जैन मंदिर परिसर का एक हिस्सा है, और उनमें से सबसे बड़ा मंदिर भी है। यह विशाल श्वेतांबर जैन मंदिर 11 वीं शताब्दी में बनाया गया था और भगवान आदिनाथ के जीवन और गुणों के बारे में बताता है। मंदिर के नाम से पता चलता है कि इतिहास में किसी समय अकेले इस मंदिर के अंदर सत्ताईस मंदिर थे। हालांकि इन स्मारकों का कोई निशान नहीं बचा है, लेकिन साथिसदेवरी मंदिर अपने आप में एक भव्य नजारा पेश करता है।

### चित्तौड़गढ़ का फतेह प्रकाश पैलेस

चित्तौड़गढ़ किले के अंदर फतेह सिंह पैलेस एक आकर्षक संरचना है। चित्तौड़गढ़ का यह महल राजपूत भव्यता को एक नए स्तर पर ले जाता है। महल की वास्तुकला और लेआउट बेहद शानदार है। महल का निर्माण महाराणा प्रताप सिंह ने करवाया था और उन्हीं के नाम पर इसका नाम रखा गया है। एक बड़ी गणेश मूर्ति, एक फव्वारा, कई गुना क्रिस्टल वस्तुएं और विभिन्न भित्तिचित्र इस महल के मैदान को सजाए रखने का काम करते हैं और इसे देखने लायक बनाते हैं। आज, महल में एक संग्रहालय है जो महल, किले और चित्तौड़गढ़ शहर के इतिहास को व्यापक रूप से समझने के लिए एक अच्छी जगह है।

# कुछ तूफानी करने के लिए दुनिया की इन दिल थामने वाली रोमांचक जगहों पर घूमना जाये

एडवेंचर स्पोर्ट्स के नाम पर आप सभी ने पैरासेलिंग, पैराग्लाइडिंग और इस तरह की एक्टिविटीज की होंगी, वैसे हम जानते हैं कि ये आपके लिए कोई बड़ी बात नहीं होगी। लेकिन अब समय आ गया है कि आप अपने एडवेंचर की घड़ी को थोड़ा ऊपर ले जाएं और कुछ तूफानी करने के बारे में सोचें। इस लेख में हमने आपको दुनिया के सबसे खतरनाक एडवेंचर स्पोर्ट्स की सूची दी है जो एडवेंचर शब्द को सही तरीके से परिभाषित करती है।

### विलारिका ज्वालामुखी, चिली :

ये एक्टिव लावा झील एडवेंचर लवर्स के लिए एक पसंदीदा हाइकिंग डेस्टिनेशन है। आप इस झील के ऊपर मौजूद हेलीकॉप्टर से बंजी जम्पिंग करके इस एक्टिविटी का मजा ले सकते हैं।

### माउंट हुआ चीन :

दुनिया में सबसे खतरनाक हाइक में से एक, वैसे ये एक्टिविटी कमजोर दिल वालों के लिए तो बिल्कुल भी नहीं है। यहां का प्लैंक वॉक दिल और दिमाग दोनों को हिलाकर रख देता है।

### इथियोपिया में डानाकिल रेगिस्तान :

दुनिया में सबसे निर्जन वातावरणों में से एक पूर्वी अफ्रीका में डानाकिल रेगिस्तान है। ज्वालामुखी और गीजर जो जहरीली गैस उगलते हैं, उनकी वजह से यहां का तापमान नियमित रूप से 50 डिग्री सेल्सियस (122 डिग्री फारेनहाइट) से अधिक रहता है, डानाकिल रेगिस्तान यात्रा उत्साही लोगों के लिए आसानी से सुलभ स्थान नहीं है। थोड़े समय के लिए वहां रहने पर भी आपका शारीरिक स्वास्थ्य बहुत प्रभावित हो सकता है। यह दुनिया भर में सबसे अजीब जगहों में से एक है। सल्फर के जहरीले वाष्पों की वजह से ये जगह प्रभावित रहती है। यह क्षेत्र ज्वालामुखीय रूप से सक्रिय क्षेत्र है और रेगिस्तान होने की वजह से शायद ही कभी यहां का तापमान 50 डिग्री सेल्सियस से नीचे गिरता है। जिसकी वजह से डानाकिल मरुस्थल दुनिया के सबसे खतरनाक इलाकों में से एक बन गया है।



### तेहुपोओ, फ्रेंच पोलिनेशिया :

यहां लोग कई वॉटर स्पोर्ट्स एक्टिविटीज करने आते हैं, लेकिन आपको बता दें, दुनिया की सबसे खतरनाक लहरें मानी जाने वाली तेहुपो में लहरें 21 फीट तक की ऊंचाई तक पहुंच सकती हैं।

### नर्क का द्वार, तुर्कमेनिस्तान :

तुर्कमेनिस्तान दरवाजा गैस क्रेटर को नरक का द्वार के रूप में जाना जाता है। यह एक भूमिगत गुफा के भीतर एक प्राकृतिक गैस क्षेत्र है; मीथेन गैस को फैलने से रोकने के लिए भूवैज्ञानिकों ने इसे आग लगा दी, और यह 1971 से जल रहा है। यह कराकुम रेगिस्तान के बीच में, तुर्कमेनिस्तान की राजधानी से लगभग 260 किलोमीटर उत्तर में, अश्गाबात के डरवेज़ गाँव के पास स्थित है। यहां जो गैस भंडार खोजा गया है, वह दुनिया की सबसे व्यापक प्राकृतिक गैसों में से एक है। स्थानीय लोगों ने 70 मीटर (230 फीट) व्यास वाले बड़े गड्ढे में विस्फोट, उबलती मिट्टी और नारंगी लपटों का जिक्र करते हुए क्षेत्र को नरक का द्वार नाम दिया।

### स्नेक आइलैंड, ब्राजील :

ब्राजील के तट से करीब 25 मील दूर एक ऐसा टापू है जहां कोई भी स्थानीय चलने की हिम्मत नहीं करेगा। ऐसी अफवाहें हैं कि एक बार मछुआरा जो अपने तटों के बहुत करीब भटक गया था, उसे नाव में कुछ दिनों बाद बहता हुआ पाया गया, जो खून से लथपथ हो रखा था। रहस्यमय द्वीप को इल्हा दा क्यूइमाडा ग्रांडे के नाम से जाना जाता है। और वहां पैर रखना इतना खतरनाक है कि ब्राजील सरकार यहां बैन लगा रखा है। द्वीप गोल्डन लांसहेड सांपों के रूप में जाना जाता - जो एक पिट वाइपर प्रजाति है और दुनिया के सबसे घातक नागों में से एक है। यह निश्चित रूप से पृथ्वी पर सबसे खतरनाक जगह है।

# हरियाणा की ये हैं सबसे प्रसिद्ध और ऐतिहासिक जगहें, आप घूमने का बना सकते हैं प्लान



हर राज्य में घूमने के लिए कोई ना कोई प्रसिद्ध जगह है। राजस्थान हो या मध्य प्रदेश हर शहर में कोई ना कोई घूमने की जगह है। ऐसे में हरियाणा की ऐतिहासिक जगहें विश्व भर में फेमस हैं।

पानीपत, हिसार, रोहतक आदि जगहों पर मौजूद ऐतिहासिक इमारत, किले आदि चीजें बेहद ही फेमस हैं।

### गुजरी महल

हरियाणा के हिसार में मौजूद गुजरी महल एक प्राचीन और प्रमुख ऐतिहासिक जगह है। इस महल का निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने करवाया था। ये जगह भी प्रेम की निशानी ही है, क्योंकि फिरोजशाह तुगलक ने अपनी प्रेमिका गुजरी के लिए इस महल का निर्माण करवाया था।

### मटिया किला

मटिया महल हरियाणा के पलवल में मौजूद है। इस किले के अंदर कई मकबरे हैं। पलवल में घूमने के लिए यह एक अच्छी जगह है।

### कोस मीनार :

ये एक ऐतिहासिक जगह है, जो करनाल में मौजूद है। ऐतिहासिक होने के साथ ही यह जगह खूब फेमस भी है।

### जल महल

हरियाणा के नारनैल जिले में मौजूद जल महल ऐतिहासिक महल है। इस महल का निर्माण शाह कुली खान द्वारा करवाया गया था। पानीपत के दूसरे युद्ध के बाद इस महल का निर्माण किया गया था।

### काबुली बाग

पानीपत में मौजूद काबूली बाग का निर्माण बाबर ने करवाया था। कहा जाता है कि इस बाग का निर्माण पानीपत की पहली लड़ाई की विजय के बाद हुआ था। एक अन्य कहानी ये है कि बाबर इसका निर्माण बेगम की याद में करवाया था।



RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

## फतेहगढ़ एसडीएम हनुमान राम को एसओजी ने पकड़ा : एसआई पेपर लीक का बताया जा रहा है मामला

**जैसलमेर।** जैसलमेर के फतेहगढ़ एसडीएम हनुमान राम को बुधवार तड़के जयपुर से आई एसओजी की टीम ने पकड़ा। एसडीएम हनुमान राम को SI भर्ती परीक्षा पेपर लीक मामले में पकड़ा है। एसओजी अब जयपुर मुख्यालय पर पूछताछ करेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जोधपुर रेंज पुलिस की साइक्लोनर टीम द्वारा 3 दिन पहले पकड़े गए पेपर लीक के सूत्रधार पति नरपतराम और उसकी पत्नी इंद्रा ने पूछताछ में एसडीएम हनुमान राम का नाम लिया है। इसी शक पर हनुमान राम को जयपुर एसओजी की टीम ने पकड़ा है। पूछताछ के बाद ही पूरे मामले में खुलासा हो पाएगा।

**पति-पत्नी के पकड़े गए**-गौरतलब है कि तीन दिन पहले रेंज आईजी की साइक्लोनर टीम ने ऑपरेशन तर्पण चलाकर एसआई भर्ती परीक्षा घोटाले के सूत्रधार पति-पत्नी को एक ही समय पर अलग-अलग जगह से गिरफ्तार किया। पति नरपतराम गोवा में फरारी काट रहा था, जबकि पत्नी इंद्रा जोधपुर में ही पाल रोड स्थित खेमे का कुआं में एक मकान में पहचान छिपाकर रह रही थी। दोनों को साइक्लोनर टीम ने एसओजी को सौंपा। पति के पकड़े जाने की भनक लगते ही पत्नी भागने की फिराक में थी, लेकिन उसके पहले ही पकड़ी गई।

## मंदिर मुद्दे पर जूली के समर्थन में उतरे राहुल गांधी

### बोले-बीजेपी नेता हर नागरिक के साथ जूली जैसा ही बर्ताव करना चाहते हैं; कांग्रेस ने राष्ट्रीय मुद्दा बनाया

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जिस राम मंदिर में गए, उसे तत्कालीन बीजेपी नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा गंगाजल से धोने के मामले को कांग्रेस ने राष्ट्रीय मुद्दा बना लिया है। राहुल गांधी जूली के समर्थन में उतर आए हैं। गुजरात में कांग्रेस के अधिवेशन में राहुल ने कहा- राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली दलित हैं, वे मंदिर गए थे। उनके जाने के बाद बीजेपी के नेताओं ने मंदिर को साफ करवाया, धुलवाया। और, वो अपने आप को हिंदू कहते हैं। उन्होंने कहा- एक दलित व्यक्ति को मंदिर में जाने का अधिकार नहीं देते। जाता है तो मंदिर को धुलवाते हैं। यह हमारा धर्म नहीं है। हम भी अपने आपको हिंदू कहलाते हैं, लेकिन यह हमारा धर्म नहीं है। हमारा धर्म वो है, जो हर व्यक्ति का आदर करता है। और, यह जो बात है चाहे दलितों-पिछड़ों के खिलाफ हो, यह बीजेपी के हर कार्यकर्ता के दिल में छिपी हुई है। कांग्रेस का कार्यकर्ता हिंदुस्तान के हर व्यक्ति का सम्मान करता है, बीजेपी के दिल में नफरत भरी है। 21वीं सदी में संविधान है, इसलिए वो कह नहीं सकते, लेकिन उनके दिल में वही है, वो हिंदुस्तान के हर नागरिक के साथ वही सलूक करना चाहते हैं जो जूली के साथ किया।

## कंगना रनोट पर हिमाचल के इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड का पलटवार : कहा- समय पर बिजली बिल नहीं भरती सांसद, सब्सिडी भी ले रही, लोड 1500% ज्यादा

**शिमला।** हिमाचल की मंडी सीट से सांसद एवं बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनोट समय पर अपने बिजली बिल का भुगतान नहीं करतीं। सांसद कंगना के घर बिजली का लोड भी आम मीटर के मुकाबले 1500 प्रतिशत ज्यादा है। यही नहीं कंगना प्रदेश सरकार द्वारा बिजली पर दी जा रही सब्सिडी भी ले रही हैं। यह दावा राज्य सरकार के उपक्रम हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड ने किया है। दरअसल, कंगना ने बीते कल मंडी में एक जनसभा में प्रदेश सरकार पर निशाना साधते हुए गंभीर आरोप लगाए थे। कंगना ने कहा, मनाली में पिछले महीने मेरा एक लाख रुपए बिजली का बिल दिया, जहां वह रहती भी नहीं है।

कंगना ने कहा कि इन भेड़िए के चंगुल से प्रदेश को निकालना है। जिस तरह लोकसभा की चारों सीटों पर इनको हराया है, उसी तरह अगले विधानसभा चुनाव में भगवा झंडा फहराना है। कंगना के इस बयान पर एचपीएसईबी ने आज स्पष्टीकरण जारी किया है।

एचपीएसईबी के अनुसार, मनाली के सिमसा गांव में कंगना के आवास पर घरेलू उपभोक्ता संख्या 100000838073 का बिजली कनेक्शन लगा हुआ है। कंगना के अनुसार, पिछले महीने उनका एक लाख रुपए का बिजली बिल आया, जबकि यह सच्चाई नहीं है। कंगना का बिल 90 हजार 384 रुपए का है। यह एक नहीं बल्कि दो महीने का है।

## 7 मरीजों की मौत का आरोपी बोला-हां, मेरी डिग्री फर्जी : मैं कुंवारा हूं, फिर भी पत्नी-बच्चों के फर्जी नाम लिखे; रुतबा बनाने विदेशी नाम रखा

**दमोह।** दमोह के मिशन अस्पताल में 7 मरीजों की मौत का आरोपी फर्जी ॉक्टर नरेंद्र यादव उर्फ नरेंद्र केम जॉन 5 दिन की रिमांड पर है। पुलिस पूछताछ में उसने कई खुलासे किए हैं। उसने बताया कि भारत की मेडिकल कम्युनिटी में अपना रुतबा बनाने के लिए उसने विदेशी नाम रखा। इसी नाम से सभी फर्जी दस्तावेज भी बनवा लिए। दरअसल, दमोह के मिशन अस्पताल में लंदन के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. एन जोन केम के नाम पर फर्जी डॉक्टर ने ढाई महीने में 15 हार्ट ऑपरेशन कर डाले। आरोप है कि दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच हुए इन ऑपरेशन में 7 मरीजों की मौत हो गई। इसका खुलासा तब हुआ जब एक मरीज के परिजन ने संदेह होने पर डॉक्टर की शिकायत की। इसके बाद मामला मानवाधिकार आयोग तक पहुंच गया। आयोग की टीम मृतकों के परिजनों से पूछताछ कर चुकी है।



## गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन

# वक्फ बिल संविधान पर हमला, इसके बाद आरएसएस क्रिश्चियंस पर आक्रमण करेगी : राहुल गांधी

**अहमदाबाद। बढ़ता राजस्थान**

गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के दो दिवसीय 84वें अधिवेशन का समापन हो गया। अधिवेशन में बुधवार को राहुल गांधी बोले- कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए।

राहुल ने कहा- बांग्लादेश के नेता भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले। उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गई 56 इंच की छाती।

इससे पहले मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। आज दूसरे दिन साबरमती रिवरफ्रंट पर मुख्य अधिवेशन हो रहा है, जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल मौजूद हैं, लेकिन प्रियंका गांधी नहीं पहुंचीं।

चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे उन्हें फायदा हो और विपक्ष को नुकसान। उनका सुझाव है कि चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव भी धोखे से जीता। महाराष्ट्र में 150 सीटों पर लड़कर 138 पर जीत हासिल की गई, जो 90 प्रतिशत जीत है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा। खड़गे ने आगे कहा- सब कुछ पता लगा लिया जाएगा, क्योंकि चोर चोरी करता है और आज नहीं तो कल पकड़ा जाएगा।

नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं अधिवेशन के दूसरे दिन की शुरुआत झंडावंदन के साथ हुई। इसके बाद पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा- नरेंद्र मोदी एक-एक करके सार्वजनिक क्षेत्र को बेचकर अपने दोस्तों को दे रहे हैं और देश को बेचकर चले जाएंगे। जवाहरलाल नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं, जबकि सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचा रही है। वे सिर्फ कांग्रेस को गालियां देते हैं, इसके अलावा कोई बात नहीं करते।

### राहुल बोले- जिलाध्यक्षों को संगठन की नींव बनाएंगे

राहुल ने कहा- हमारी संगठन में काफी बैठकें हुई हैं। हम चाहते हैं कि जिला अध्यक्षों को संगठन की नींव बनाएं, शक्ति बनाएं। डिस्ट्रिक्ट कमेटी और डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट को हम पार्टी की फाउंडेशन बनाने जा रहे हैं। आप सभी को लड़ना है। ये आसान नहीं है। उनके पास धन हैं, देश के सारे इंस्टीट्यूशंस हैं। उनके पास सबकुछ है, लेकिन जीत हमारी होगी, हमारे साथ जनता का प्यार है। आप देखिएगा कि आने वाले समय में जनता उनके साथ क्या करने जा रही है।

### राहुल बोले- हमारे मन में सबके लिए रिस्पेक्ट

राहुल बोले- आपके लिए चाहे दलित, आदिवासी, पिछड़े, महिला चाहे कोई भी हो, आप सभी की रिस्पेक्ट करते हैं। उनके मन में सबके लिए नफरत भरी हुई है। लड़ाई इसी बात की है। हमारे लिए सभी लोग इंसान हैं। हम सभी से मोहब्बत करते हैं। उनके लिए रिस्पेक्ट के मायने अलग हैं। कोई दलित है, उसे मंदिर में नहीं जाना चाहिए। दलित को मंदिर नहीं जाना चाहिए। कोई गरीब किसान के बेटा है तो उसे अंग्रेजी नहीं सीखनी चाहिए। हम ऐसा नहीं होने देंगे।

### राहुल बोले- आरएसएस क्रिश्चियंस पर आक्रमण करेगी

राहुल ने कहा कि कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। आरएसएस के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए। हम चाहते हैं कि हर कम्युनिटी को देश में सम्मान मिले। हम चाहते हैं कि ये देश सबका हो। हम जाति, भाषा को यहां से फायदा मिले।

### राहुल बोले- आरएसएस ने रामलीला मैदान में संविधान को जलाया था

राहुल ने कहा- हम अंग्रेज और आरएसएस की विचारधारा के खिलाफ लड़े थे। इनकी विचारधारा, फ्रीडम स्ट्रगल की विचारधारा नहीं है। जिस दिन संविधान लिखा गया था, उस दिन आरएसएस ने रामलीला मैदान में संविधान को जलाया था। इसमें लिखा है कि हमारे देश का झंडा तिरंगा होगा। सालों तक आरएसएस ने तिरंगे को सैल्यूट नहीं किया था। वे हिंदुस्तान की सारी संस्थाओं को कंट्रोल कर देश का अडाणी-अंबानी को सारा धन देना चाहते हैं।

## बंगाल में लागू नहीं होगा वक्फ कानून

### गोली मार दो पर धर्म के नाम पर बंटवारा मंजूर नहीं, बीजेपी ने कहा- फर्जी हिंदू : ममता बनर्जी

**बढ़ता राजस्थान**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि नया वक्फ कानून पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी।

ममता कोलकाता में जैन समाज के कार्यक्रम में बोल रही थीं। उन्होंने कहा-कुछ लोग पूछते हैं कि मैं हर धर्म के स्थानों पर क्यों जाती हूं। मैं पूरी जिंदगी जाऊंगी। चाहे कोई गोली मार दे, मुझे एकता से अलग नहीं किया जा सकता। बंगाल में धर्म के नाम पर बंटवारा नहीं होगा। जियो और जीने दो यही हमारा रास्ता है।

इस बयान पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता फर्जी हिंदू हैं, अपनी भाषा और आचरण से उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की दुकानों पर तोड़फोड़ की गई, पुलिस पर हमला किया गया। फिर भी ममता चुप हैं। वक्फ संशोधन कानून लोकसभा-राज्यसभा से पास होने के बाद 8 अप्रैल से देश में लागू कर दिया गया है।

## वसुंधरा की नाराजगी के बाद केंद्र सख्त

### पेयजल संकट पर राजस्थान सरकार से मांगी रिपोर्ट, पूर्व सीएम ने कहा था- लोग रो रहे हैं

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर/झालावाड़।** पेयजल संकट पर राजस्थान में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद केंद्र सरकार ने सख्ती दिखाई है। केंद्र ने पेयजल संकट पर राजस्थान सरकार से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सोशल मीडिया पर लिखा- झालावाड़ में जल संकट को लेकर वसुंधरा राजे की उठाई गई चिंता को गंभीरता से लिया है। राजस्थान सरकार से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई है।

बता दें कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने झालावाड़ जिले के कई इलाकों में पानी संकट को लेकर अफसरों को फटकार



लगाई थी। रायपुर कस्बे में लोगों की शिकायत पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए अफसरों पर तल्ख टिप्पणी की। राजे ने एक्स पर लिखा- क्या जनता को प्यास नहीं लगती? सिर्फ आप अफसरों को ही लगती है। गर्मी में पेयजल संकट के कारण जनता त्रस्त है। अफसर तृप्त हैं। पानी कागजों में नहीं, लोगों के होठों तक पहुंचे। अफसर सो रहे हैं, लोग रो रहे हैं। मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोशल मीडिया पर लिखा- जब पूर्व सीएम मजबूर तो आम आदमी की क्या हालत होगी।

**क्या जनता को प्यास नहीं लगती?:** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंगलवार को जिले के दौरे पर रायपुर पहुंचीं। पेयजल संकट की शिकायत मिलने पर उन्होंने जलजीवन मिशन और जलदाय विभाग के अफसरों को कड़ी फटकार लगाते हुए सवाल किया- क्या जनता को प्यास नहीं लगती? सिर्फ आप अफसरों को ही लगती है?

## जम्मू-कश्मीर विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा विधायकों में हाथापाई : नए वक्फ कानून को लेकर भिड़े

**बढ़ता राजस्थान**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायकों ने सदन में बिल पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान एनसी और भाजपा विधायकों के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। इससे पहले सोमवार को एनसी के विधायक ने सदन में वक्फ कानून की कॉपी फाड़ दी। एक एनसी विधायक ने अपनी जैकेट फाड़कर सदन में लहराई। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्रवाई पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। एनसी समेत अन्य दलों ने वक्फ कानून के खिलाफ रेजोल्यूशन लाने की बात कही थी।

वक्फ संशोधन बिल (अब कानून) 2 अप्रैल को लोकसभा और 3 अप्रैल को राज्यसभा में पास हुआ था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बिल को 5 अप्रैल की देर रात मंजूरी दी। सरकार ने नए कानून को लेकर गजट नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। अब कानून लागू करने के लिए केंद्र नोटिफिकेशन जारी करेगा।

वक्फ कानून के खिलाफ स्ट में 11 याचिकाएं दर्ज नए वक्फ कानून की संवैधानिकता के खिलाफ जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अलावा सुप्रीम कोर्ट में 7 अप्रैल तक 11 याचिकाएं दाखिल की जा चुकी हैं। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने कहा कि हमारी राज्य इकाइयां भी हाईकोर्ट में कानून को चुनौती देंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाओं पर सुनवाई को लेकर सोमवार को कहा- वह नए वक्फ कानून की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं को लिस्ट करने यानी सुनवाई पर फैसला करेंगे।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
  (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
  (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# राजस्थान में मौसम बदला, जयपुर-बीकानेर में बारिश

## 5 जिलों में बादल छाए, आंधी चली; 7 शहरों में बरसात का अलर्ट

**बढ़ता राजस्थान**

**जयपुर।** राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने अभी से हाल बेहाल कर दिए। बुधवार को दिनभर तेज गर्मी के बाद जयपुर, बीकानेर, अलवर, चूरू और सीकर में शाम को मौसम का मिजाज बदला। जयपुर में आंधी के साथ कुछ जगह हल्की बूंदाबांदी हुई। बीकानेर में भी रिमझिम हुई।

सीकर में दोपहर करीब 2:30 बजे तापमान 44.5 डिग्री रहने के बाद शाम को अचानक काले घने बादल छा गए। आंधी भी चली। अलवर और चूरू में भी बादल छाने के साथ कई जगह तेज आंधी चली।

मौसम विभाग ने बीकानेर, चूरू, झुंझुनूं, अलवर, नागौर, सीकर और जयपुर में अगले कुछ घंटे में बादल छाने, धूलभरी आंधी चलने और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश या बूंदाबांदी का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने गुरुवार से भरतपुर, बीकानेर, जयपुर संभाग के 14 जिलों में बादल छाने, आंधी चलने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। इसका असर 11 अप्रैल को भी रहेगा। इसके बाद गर्मी फिर तेज होगी

### बाड़मेर में गर्मी ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ा

बाड़मेर में मंगलवार को तापमान ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ समेत कई जिलों में कल तेज गर्मी रही। राजधानी जयपुर में भी पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, जैसलमेर में भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के अधिकांश शहरों में आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। पश्चिमी राजस्थान में तेज धूप और हीटवेव के कारण यहां इस सीजन में पारा पहली बार 46 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।



### रात में दिन जैसी गर्मी, पारा 31 डिग्री सेल्सियस से ऊपर

राजस्थान में वार्म नाईट (गर्म रात) का दौर शुरू हो गया। कल बाड़मेर में रात का मिनिमम टेम्प्रेचर 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो यहां के औसत न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री ऊपर था। बाड़मेर में रात में जितनी गर्मी थी, उतनी तेज गर्मी माउंट आबू में भरी दोपहरी में थी। माउंट आबू में कल दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )